**खास बात**

संसार में सम्मान पूर्वक जीवन व्यतीत करने का सरल और निश्चित उपाय यही है कि मनुष्य वास्तव में जैसा है वैसा ही अपने को व्यक्त करे।
- सुकरात

॥ श्री हरि शरणम् ॥

रायसेन से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# अमृत दर्शन

RNI No. MPHIN/2012/43555

वर्ष - 12 अंक - 173

रायसेन
शुक्रवार, 20 दिसंबर 2024

● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपया

Website : www.amritdarshan.com

रायसेन, नर्मदापुरम एवं भोपाल से प्रकाशित


## अंतर्मना उवाच

***बातों से ज्यादा चुभता है आपके बात करने का बर्ताव.. जैसे - गमले में लगे पौधे की क्या खूब मजबूरी है -- हरा भी रहना है और बढ़ना भी नहीं है..!***



*अपने भीतर की खूबियों को, जुनून और जोश को, दूसरों की बातों को सुनकर मन को कमजोर न होने दें। अन्यथा आज का इंसान न जीने देगा - न मरने।* ***आप ने बचपन से आज तक यही सुना है कि हर एक सिक्के के दो पहलू होते हैं। लेकिन कुछ लोगों के कई पहलू होते हैं।*** *जितना हम अपने भीतर के जोश, जूनून और योग्यता से अनभिज्ञ रहेंगे, उतना ही दूसरों की कही गई बातों से प्रभावित होते रहेंगे।*

***हम प्रयास करें कि व्यर्थ की अनर्गल बातों से अनभिज्ञ रहें और कुछ कहा गया हो तो उसे अनसुना कर, देखकर अंजान बन जायें।*** *क्योकि परमात्मा ने आप हम सबको बचपन से गजब की खूबियां दी है। कुछ लोगों को माता पिता से, कुछ लोगों को गुरु से और कुछ लोगों को, पढ़ने-पढ़ाने वाले, लिखने-लिखाने वाले, उनके साथ जीवन जीने वालों से,, जो हमारी चेतना को निखार देते हैं और उसके बाद मनुष्य खुद अपनी खूबियों को निखारता है।*

*इसलिए हम दूसरों की प्रतिक्रियाओं से जल्दी प्रभावित न हो, न अपनी क्षमताओं को कमज़ोर होने दें। धैर्यपूर्वक सुनें, देखें और नजरअंदाज कर दें। यदि प्रतिक्रियाओं में रचनात्मक अनुसंधान और सुधार की आवश्यकता है, तो जरूर सुधार की गुंजाइश रखें। क्योंकि* ***नकारात्मक प्रतिक्रिया ईर्ष्या, द्वेष और भीतर के अज्ञान से जुड़ी होती है, जो व्यक्ति के स्वाभिमान को ठेस पहुंचाने, नीचा दिखाने या आत्म विश्वास को डिगाने के उद्देश्य से की जाती है।*** *हम प्रतिक्रियाओं के पीछे छिपे उद्देश्य को देखें, समझें, जानें। प्रतिक्रिया मनुष्य के जीवन और व्यवहार का एक अभिन्न अंग है। इससे मनुष्य को अपने जीवन में सही गलत को परखने की सीख मिलती है।*

***इतिहास साक्षी है कि महान से महान व्यक्तियों के कार्यों की प्रतिक्रिया हुई है।*** *प्रतिक्रियाओं से प्रतिभा सुधरती है और चेतना निखरती है।* ***बुद्धिमान व्यक्ति वही है जो नकारात्मक प्रतिक्रियाओं को अनसुना कर, रचनात्मक प्रतिक्रियाओं से अपनी प्रगति का पथ प्रशस्त करता है...!!!***

■अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

**संसद में हंगामा** : विरोध के बीच राज्यसभा और लोकसभा दिन भर के लिए स्थगित, कई जगह हुए प्रदर्शन

# अंबेडकर मुद्दे पर पक्ष-विपक्ष आमने-सामने, धक्का मुक्की 3 सांसद घायल

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

संसद की कार्यवाही गुरुवार को एक बार फिर हंगामे की भेंट चढ़ गई। राहुल गांधी और गृह मंत्री अमित शाह की आंबेडकर पर टिप्पणी से जुड़े अलग-अलग विवादों को लेकर हंगामे के बीच राज्यसभा और लोकसभा दोनों को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया।

गुरुवार को उच्च सदन की कार्यवाही दोबारा दोपहर दो बजे शुरू होते ही फिर हंगामे की भेंट चढ़ गई। इस बार हंगामे का मुद्दा बदला हुआ था। संसद में अंबेडकर को लेकर विरोध प्रदर्शन के बीच राहुल गांधी और भाजपा सांसदों के बीच हुई धक्का-मुक्की की घटना का मुद्दा राज्यसभा में उठाया गया। सभापति ने सचिव को सदन के पटल पर रखे गए उपराष्ट्रपति के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर 10 दिसंबर को प्राप्त संचार पर राज्यसभा के उपसभापति



द्वारा दिया गया विस्तृत निर्णय रखने को कहा। इसके बाद सदन में सबसे पहले सभापति ने भाजपा के राज्यसभा सांसद फंगनोन कोन्याक को बोलने का मौका दिया। कोन्याक ने सदन में बताया कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने उनके सम्मान और स्वाभिमान को गहरी ठेस पहुंचाई है। आज जो कुछ भी हुआ वह बहुत दुखद है, ऐसा नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बारे में सभापति से भी लिखित शिकायत कर अपने साथ हुए दुर्व्यवहार का ब्यौरा दिया।

### 'राहुल नेता प्रतिपक्ष बनने लायक नहीं' : शिवराज



कांग्रेस के आरोपों पर केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान ने कहा कि आज जो कुछ भी किया उसके लिए कांग्रेस माफी मांगेंगे। बाबा साहेब आंबेडकर के अपमान से संबंधित मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आद संसद भवन परिसर में धक्का-मुक्की हो गई। भाजपा ने इसके लिए राहुल गांधी को जिम्मेदार ठहराया। चौहान ने कहा कि राहुल का व्यवहार गुंडे जैसा है। उन्होंने बताया कि इस मामले में भाजपा उचित कार्रवाई करेगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष बनने के लायक नहीं हैं।

### संसद के अंदर जाने से भाजपा सांसदों ने मुझे रोका



राज्यसभा में कांग्रेस की तरफ से प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे राहुल गांधी, जयराम रमेश समेत तमाम नेता मौजूद रहे। इस दौरान संविधान पर बहस के दौरान राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री के भाषण पर राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, 'सरकार और खासकर प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह डॉ. बीआर अंबेडकर के बारे में जो बयान दे रहे हैं, वह बहुत दुखद है। राहुल ने कहा कि मुझे भाजपा सांसदों ने सदन में जाने से रोका।

### कांग्रेस और भाजपा ने कराई एफआईआर दर्ज

संसद परिसर में गुरुवार सुबह धक्का-मुक्की के दौरान ओडिशा के बालासोर से सांसद प्रताप सारंगी चोटिल हो गए। सारंगी ने आरोप लगाया कि राहुल ने एक सांसद को धक्का दिया, जो उनके ऊपर गिरा। सारंगी जब मीडिया के सामने आए, तब उनके सिर से खून निकल रहा था। हॉस्पिटल के मेडिकल सुपरिन्टेंडेंट ने बताया कि दोनों नेताओं के सिर में चोट लगी है। उन्हें आईसीयू रखा गया है। घटना के बाद भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर और बांसुरी स्वराज ने राहुल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। दूसरी तरफ कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह, राजीव शुक्ला और प्रमोद तिवारी ने मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी शिकायत दर्ज कराई है।

अक्षय पात्र का निरीक्षण कर मध्यान्ह भोजन वाहन को झंडी दिखा किया रवाना

# सीएम ने छात्रों को एक करोड़ वीं थाली परोसी

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत भोपाल नगरीय क्षेत्र में एक करोड़ से अधिक मध्यान्ह भोजन प्रदाय अवसर पर रोहित नगर स्थित परिसर में अक्षय पात्र फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शरीर के लिए आवश्यक पोषक तत्वों का स्त्रोत आहार ही है। आहार की शुद्धता इसकी महत्ता को कई गुना बढ़ा देती है। आहार की शुद्धता का महत्व बताते हुए भगवान श्रीकृष्ण ने श्रीमद्भगवद् गीता में कहा है कि शुद्ध आहार से ही विचार की शुद्धता संभव है। अक्षय पात्र फाउंडेशन इस दृष्टि से स्कूली बच्चों को मध्यान्ह भोजन के माध्यम



से नवजीवन परोस रही है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी अक्षय पात्र फाउंडेशन द्वारा शिक्षा के लिए भरपूर भोजन के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की प्रशंसा की है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने झंडी दिखाकर भोजन वितरण वाहनों को रवाना किया तथा 10 स्कूली बच्चों को प्रतीक स्वरूप मध्यान्ह भोजन वितरित भी किया।

### सीएम आज इंदौर को देंगे 1200 करोड़ की सौगात

सीएम डॉ. मोहन यादव आज इंदौर में करीब 1200 करोड़ से ज्यादा के विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण करेंगे। यादव इंदौर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रम शामिल होंगे। मीडिया से चर्चा करते हुए महापौर भार्गव ने कहा कि कई प्रमुख विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण होगा।

### महाकाल मंदिर के पुरोहित समेत 6 निलंबित, एफआईआर दर्ज

**उज्जैन।** उज्जैन के महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं से अवैध वसूली करने पर गुरुवार शाम को मंदिर के एक पुरोहित समेत 6 लोग निलंबित किया गया है। गुरुवार सुबह उज्जैन कलेक्टर नीरज सिंह ने इन्हें रंगे हाथ पकड़ा था। आरोपियों ने यूपी और गुजरात के 10 श्रद्धालुओं से विप्र दर्शन के नाम पर पैसे लिए गए थे। पुरोहित अजय शर्मा, पुरोहित प्रतिनिधि राजेश भट्ट, नंदी मंडपम के सुरक्षाकर्मी विकास, संदीप, करण और कन्हैया पर निलंबित की कार्रवाई हुई है। भक्तों के बयान के बाद महाकाल थाने में दो एफआईआर दर्ज की गई हैं। पुरोहित अजय शर्मा और पुरोहित प्रतिनिधि राजेश भट्ट के साथ सहायक पर मामला दर्ज किया गया है।

# सत्र के चौथे दिन खाद के मुद्दे पर हंगामा, कई विधेयक हुए पारित

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

विधानसभा में माल और सेवा कर तृतीय संशोधन विधायक 2024, विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष के वेतन भत्ता संशोधन विधेयक 2024 को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। अब अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष वेतन तथा भत्ते से होने वाली इनकम पर इनकम टैक्स खुद जमा कराएंगे। इसके अलावा विधानसभा में मध्य प्रदेश निजी विद्यालय (फीस से संबंधित विषयों का विनियमन) संशोधन विधेयक विधानसभा में पेश किया गया। इस पर चर्चा के बाद इसे भी पास कर दिया



गया। इसके तहत अब निजी स्कूल अलग से बस का किराया नहीं वसूल सकेंगे।

विधानसभा में लंच के बाद बाबा साहब अंबेडकर को लेकर संसद में दिए अमित शाह के बयान पर जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस विधायकों ने अंबेडकर की फोटो को हाथ में लेकर जमकर नारेबाजी की। साथ ही शाह से माफी मांगने के नारे लगाए।




## संक्षिप्त समाचार

### रजक समाज आज संत गाडगे महाराज की पुण्यतिथि मनाएगा

**हरदा।** रजक समाज कल्याण समिति के शुक्रवार को समाज के पूजनीय संत गाडगे महाराज की पुण्यतिथि मनाई जाएगी समाज के जगदीश बरेठा रामदयाल कचनारिया ने बताया कि दोपहर 1:30 बजे पौधारोपण किया जाएगा इसके बाद धर्मशाला में सफाई अभियान चलाया जाएगा।

### अवैध शराब बिक्री करने वाले 8 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही

**खंडवा।** पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी के मार्गदर्शन मे दिनांक 18.12.24 को कुल 09 गिरफ्तारी वारंट, 01 स्थाई वारंट, 12 जमानती वारंट, 31 समंस जिले के विभिन्न थानो के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए। 18.12.24 को अवैध शराब विक्रेताओ के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए। थाना पंधाना की आरोपी दिनेश पिता ध्यानसिंह भिलाला नि. ग्राम अस्तरिया के कब्जे से एक प्लास्टिक की केन मे 15 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब कीमती 750/- रूपये की जप्त की गई।

### यातायात पुलिस ने ट्रैक्टर का चालान काटा

**सीहोर।** सीहोर में ट्रैफिक पुलिस विशेष चेकिंग अभियान चला रही है। इसके तहत गुरुवार को पुलिस ने एक ट्रैक्टर चालक पर जुर्माना लगाया है। ट्रैक्टर के अगले हिस्से पर एके-47 बंदूक की आकृति बनी हुई थी। पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए 4 हजार रुपए का जुर्माना वसूला। यातायात प्रभारी सूबेदार ब्रजमोहन धाकड़ के नेतृत्व में नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही निरंतर जारी है। पुलिस ने बुधवार को रात को चेकिंग के दौरान नशे में स्कूटी चलाने वाले एक स्कूटी ड्राइवर पर भी जुर्माना लगाया था।

### सुशासन दिवस और वीर बालदिवस पर होगा आयोजन

**सीहोर।** सीहोर में आगामी 25 दिसंबर को देश के पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन को सुशासन दिवस और 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसके लिए जिला महामंत्री धारासिंह पटेल को जिला प्रभारी और भूपेंद्र सिंह सिसोदिया, ओम पटेल को सह प्रभारी नियुक्त किया है। जिला अध्यक्ष रवि मालवीय ने बताया कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। वहीं 26 दिसम्बर को साहिबजादों की शहादत की स्मृति में वीर बाल दिवस मनाया जाएगा। दोनों कार्यक्रमों के लिए जिला महामंत्री धारासिंह पटेल को जिला प्रभारी और भूपेंद्रसिंह सिसोदिया, ओम पटेल को सह प्रभारी नियुक्त किया है।

### जिला पंचायत के प्रभारी सीईओ के खिलाफ प्रदर्शन

**जबलपुर।** घंटाघर क्षेत्र में आदिवासी बहुजन कल्याण संघ ने जिला पंचायत की कार्य प्रणालियों के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान संघ ने तहसीलदार को कलेक्टर के नाम एक मांग पत्र सौंपा। संगठन के नेता देवेश चौधरी ने आरोप लगाया कि जबलपुर जिला पंचायत में पूर्णकालिक सीईओ की अनुपस्थिति में प्रभारी सीईओ अपनी हठधर्मिता और मनमानी से आरक्षित वर्ग के कर्मचारियों के जायज मामलों का समाधान करने के बजाय उन्हें परेशान कर रहे हैं। देवेश चौधरी ने यह भी आरोप लगाया कि जिला पंचायत में प्रतिनियुक्त लेखाधिकारी साकेत जैन, प्रभारी सीईओ को गुमराह कर पूरे जिला पंचायत में असंतोष का माहौल बना रहे हैं। मैदानी स्तर के पीसीओ, एडीईओ और सचिव इनकी कार्यप्रणाली से त्रस्त हैं।

### 15 साल की लड़की से शादी पर पति गिरफ्तार

**ग्वालियर।** ग्वालियर की उटीला पुलिस ने 15 साल की नाबालिग की शादी कराने पर पिता, सास, ससुर पर केस दर्ज किया है। लड़की के पति को भी रेप के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। उटीला थाना प्रभारी शिवम सिंह राजावत ने बताया कि इसी साल जुलाई में नाबालिग की शादी हुई। आरोप है कि पति ने उसके साथ मारपीट की। दहेज की मांग करने लगा।

### रुचि सोया के पूर्व मालिक पर 58 करोड़ के लोन घोटाले में हुई थी एफआईआर

# इंदौर में कारोबारी शाहरा ब्रदर्स के घर ईडी की रेड



उमेश शाहरा

**इंदौर ■ निसं**

इंदौर में लगातार चौथे दिन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई चल रही है। कांग्रेस नेता गोलू अग्निहोत्री के यहां बुधवार दोपहर तक कार्रवाई के बाद गुरुवार सुबह दिल्ली के ईडी अधिकारियों की टीम ने कारोबारी और रुचि सोया के पूर्व मालिक उमेश शाहरा के यहां छापामार कार्रवाई की। ईडी की 10 से ज्यादा अधिकारियों की टीम सुबह 6 से 7 बजे के बीच शाहरा के घर पहुंची।

उमेश शाहरा पर 2021 में 58 करोड़ रुपए के लोन घोटाले को लेकर एफआईआर हुई थी। बैंक ऑफ बड़ौदा के डीजीएम राजेश डी. शर्मा ने 29 मई, 2021 को मेसर्स रुचि ग्लोबल लिमिटेड और उसके कर्ताधर्ता उमेश शाहरा (ओल्ड पलासिया एबी रोड इंदौर), साकेत बड़ौदिया (मालीपुरा मैनरोड इंदौर) आशुतोष मिश्रा स्कीम-114 और अन्य के खिलाफ फर्जीवाड़े की शिकायत दर्ज करवाई थी। इसी के आधार पर यह कार्रवाई की जा रही है। शाहरा परिवार अभी कंस्ट्रक्शन और प्रॉपर्टी का काम कर रहा है। बता दें कि ईडी की टीम सोमवार से इंदौर में अलग-अलग ठिकानों पर सर्चिंग कर रही है।

**शादी की तैयारियों के बीच ईडी की सर्चिंग:** दिल्ली ईडी की टीम ने इंदौर के कांग्रेस नेता गोलू अग्निहोत्री और उनके करीबियों के यहां पर सोमवार से कार्रवाई शुरू की थी। जिसके बाद गुरुवार को ईडी ने उमेश शाहरा के यहां पर सर्चिंग की है। बताया जा रहा है कि शाहरा के परिवार में शादी है। जिसके कार्यक्रम 21 दिसंबर से होंगे। परिवार शादी की तैयारियों में लगा हुआ है। इसी बीच टीम ने सर्चिंग शुरू की है।

**रुचि सोया के कैलाश शाहरा के खिलाफ केस:** ईओडब्ल्यू ने रुचि सोया इंडस्ट्रीज के मालिक कैलाश शाहरा, एक अन्य डायरेक्टर, वाणिज्यिक कर के तत्कालीन सहायक आयुक्त और महाराष्ट्र के चार दलालों के खिलाफ धोखाधड़ी और फर्जी दस्तावेज तैयार करने का केस दर्ज किया है।

आरोपियों ने फर्जी सी फॉर्म तैयार कर उनके जरिए शासन को करीब 1 करोड़ के राजस्व का नुकसान पहुंचाया। मामले की जांच की भनक लगी तो ताबड़तोड़ 41 लाख रुपए जमा करवा दिए। जिन कंपनियों के नाम से सी फॉर्म जारी किए गए थे, वे भी अपने पते पर नहीं पाई गईं।

एसपी मनोज सिंह ने बताया कि मामले में 2003-04 में प्राथमिक जांच की गई थी। अब यह प्रकरण दर्ज किया गया है। जांच अधिकारी डीएसपी आनंद यादव ने बताया कि जांच के बाद 7 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, षड्यंत्र और अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

**ये है पूरा मामला जिसको लेकर कार्रवाई हो रही:** रुचि सोया इंडस्ट्रीज ने बीके कॉर्पोरेशन कल्याण-मुंबई, इकबाल ट्रेडर्स, जलाराम ट्रेडर्स, रामेश्वर श्रीकिशन ट्रेडर्स, ऋषभ ट्रेडर्स से सी फॉर्म लिए थे। जिनके आधार पर 12 करोड़ 45 लाख का माल इन्हें बेचना बताया। बदले में करीब 1 करोड़ की छूट पा ली।

जब शिकायत पर ईओडब्ल्यू ने जांच शुरू की तो रुचि सोया इंडस्ट्री की तरफ से फर्जी सी फॉर्म की शिकायत लसूड़िया थाने में दर्ज कराई गई। अपने बचाव में वाणिज्यिक कर विभाग में करीब 41 लाख 17 हजार 131 रुपए जमा भी करवा दिए गए। फिर भी 58 लाख 47 हजार 426 रुपए जमा नहीं कराए। कैलाश शाहरा के कर्ज न चुका पाने की राशि 3 हजार 2 सौ 25 करोड़ रुपए है।

#### इन 7 लोगों के खिलाफ दर्ज हुआ है मामला

कैलाश शाहरा पिता स्व. महादेव शाहरा, चेयरमैन रुचि सोया, श्रीकृष्ण प्रहलाद जोशी, डायरेक्टर रुचि सोया, एसएन मरावी, तत्कालीन सहायक आयुक्त (वाणिज्यिक कर), भद्रेश मसरानी, ब्रोकर, मूलचंद नानकानी, ब्रोकर भरत भाई शाह, ब्रोकर, विमल सोगानी, ब्रोकर

#### जिनके नाम से सी फॉर्म, वे कंपनी निकलीं फर्जी

डीएसपी आनंद यादव ने बताया कि भद्रेश मसरानी ने दलालों भरत भाई शाह, विमल सोगानी, मूलचंद नानकानी के साथ मिलकर यह फर्जी सी फॉर्म निकाले। जब फर्म के पतों पर जांच के लिए टीम पहुंची तो फर्म वहां थी ही नहीं। इसके अलावा जिस ऋषभ ट्रेडिंग कंपनी के नाम से सी फॉर्म जारी किए थे, उस कंपनी का तो रजिस्ट्रेशन ही नहीं था।

#### विलफुल डिफॉल्टर की लिस्ट में रुचि सोया का नाम

2019 में रिजर्व बैंक की ओर से जारी की गई विलफुल डिफॉल्टर की लिस्ट में इंदौर के कारोबारी कैलाश शाहरा की रुचि सोया और मुरैना के रमेशचंद्र गर्ग की केएस ऑयल का नाम शामिल है। आरबीआई की इस लिस्ट के अनुसार कैलाश शाहरा की रुचि सोया शराब कारोबारी और भगोड़े विजय माल्या से दो पायदान ऊपर है।

## बार-बार फूट रही स्टेट हाईवे के नीचे की नपं की जल वितरण पाइपलाइन



**सोहागपुर ■ निसं**

नगर परिषद की ढाई दशक पुरानी भूमिगत पेयजल पाइप लाइन शहर में तक फैली है। लेकिन स्टेट हाईवे के नीचे सड़क क्रॉस कर बिछाई गई लाइन भारी वाहनों के दबाव के कारण टूटती हैं। और लीकेज के कारण रास्ते पर गंदा पानी भर जाता है। जिसके बाद नपकर्मियों को हाईवे खोदकर पाइपलाइन सुधारनी पड़ती है। वर्तमान में एक मॉल के सामने हाईवे के बीच भूमिगत पाइप लाइन फूट गई है। जिसका लीकेज खोजने दो दिन से हाईवे खोदा जा रहा है। गुरुवार को भी नपकर्मी खुदाई करते नजर आए। उन्होंने बताया कि हाईवे के उत्तर से दक्षिण की ओर तीन कनेक्शन में से कोई एक कनेक्शन लीक हुआ है। जिसके लिए लगभग तीन फीट तक स्टेट हाईवे की खुदाई की जा चुकी थी। नागरिकों का कहना है कि नप को वैकल्पिक व्यवस्था बनानी चाहिए। ताकि स्टेट हाईवे के नीचे की भूमिगत पेयजल वितरण लाइन क्षतिग्रस्त ना हो व हाईवे की खुदाई ना करनी पड़े।

## मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के लिए वार्डवार शिविर शुरू

**सोहागपुर ■ निसं**

केंद्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के नए हितग्राहियों की खोज के लिए वहर में मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान जारी है। शहर में नप अब नए हितग्राहियों के लिए अब वार्डों में शिविर लगाएगी।

पहला शिविर गुरुवार को सुभाष वार्ड में लगाया गया है। नप सीएमओ राकेश मिश्रा ने बताया कि शिविर का उद्घाटन नपाध्यक्ष लता पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी तथा पार्षदों ने किया। वहीं नागरिकों को मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान में सम्मिलित योजनाओं के लाभों के बारे में जानकारी दी गई।

इस दौरान नपाध्यक्ष लता पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, सीएमओ राकेश मिश्रा, वार्ड पार्षद शोभा अहिरवार, अध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, नप उपयंत्री आरजी चौबे, प्रदीप दुबे, दयाशंकर कुरमी, संजय परसाई, हक्कूलाल परते, कपिल सोनी, संजीव दुबे, बरखा ठाकुर, अपूर्व सरोज, प्रहलाद किरार, लक्ष्मीनारायण मालवीय, राधेश्याम रघुवंशी, श्यामल डे, नीरज मलैया आदि उपस्थित थे।

### उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए की अभिभावक गोष्ठी

# मोबाइल से दूरी बनाकर रखें भैया, बहनें - प्रधानाचार्य




**सोहागपुर ■ निसं**

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सोहागपुर में कक्षा 5 में आगामी वर्ष हेतु उत्कृष्ट एवं उत्तम परीक्षा परिणाम के उद्देश्य से अभिभावक गोष्ठी हुई जिसमें प्रधानाचार्य ममता यादव द्वारा अभिभावकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए अभिभावकों की समस्या भी सुनी गई तथा उन्हें निदान हेतु आवश्यक सुझाव भी दिए गये।

विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार दुबे ने शुद्ध लेखन कार्य एवं श्रुत लेखन के लिए नियमित अभ्यास करने हेतु प्रेरित किया। अभिभावकों की ओर से भी भैया बहनों के लिए सुझाव दिए गये तथा नियमित होमवर्क देने का आग्रह किया गया है।

विद्यालय के पी आर ओ जीवन दुबे द्वारा भी आदर्श दिनचर्या के अनुसार संतुलित पढ़ाई करने के साथ साथ प्रात:कालीन जल्दी उठने एवं योग व्यायाम,आसन तथा सूर्य नमस्कार करने हेतु सुझाव दिए गये। कक्षाचार्य संतोष पटैल ने सभी अभिभावकों से बातचीत करके विद्यालय में भैया बहनों के लिए उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए किए जाने वाले प्रयासों को बताया तथा अभिभावकों के सुझाव भी सुनें।

इस अवसर पर प्राचार्य अशोक कुमार दुबे,पी आर ओ जीवन दुबे, प्रधानाचार्य ममता यादव, कक्षाचार्य संतोष पटैल एवं कक्षा 5 में भैया बहनो के अभिभावकों की उपस्थिति रहीं।

### मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत लगातार चौथे दिन शिविर आयोजित*

**ख़ंडवा।** आज लगातार चौथे दिन मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत नागरिकों को 56 प्रकार की योजनाओं का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से शहर के विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में लाभार्थी बड़ी संख्या में पहुंचकर आवेदन जमा कर रहे हैं। आयुक्त श्रीमती प्रियंका राजावत ने आज विभिन्न स्थानों पर आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविरों में उपस्थित होकर जनता से सीधा संवाद किया और उन्हें योजनाओं का लाभ शीघ्र प्रदान करने के निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरुआत आनंद नगर में लगे शिविर से की गई। आयुक्त ने शिविरों में आ रही समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। आज से सुशासन सप्ताह की शुरुआत भी हुई, जिसके अंतर्गत जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन विशेष प्रयास कर रहा है।

## पुन: भाजपा अध्यक्ष बनने पर सजातियों ने किया विपिन यादव का सम्मान



**माखननगर।** भाजपा के आरी मण्डल अध्यक्ष विपिन यादव के लगातार दूसरी बार अध्यक्ष बनने के बाद गुरुवार को यादव समाज के वरिष्ठ नेता सूबेदार यादव के निवास पर युवा नेता जसवंत यादव व सजातीय बलराम यादव, तिलक यादव, कैलाश यादव, रामकुमार यादव आदि ने फूलमाला पहनाकर शाल श्रीफल भेंट कर विपिन यादव का सम्मान किया।

# गौ पूजा, कन्या पूजन के साथ हुआ भूमिपूजन

**इंदौर ■ निसं**

मयूर विहार में 1 जनवरी 2025 से होने वाली भागवत कथा अपने वर्ष 19 में 1 जनवरी को प्रवेश होगी इस वर्ष श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा यज्ञ महापर्व को रसवर्षण महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा निंबार्क तीर्थ राजस्थान के जगद्गुरु श्यामशरण देवाचार्य जी महाराज श्री श्रीजी महाराज कथा के माध्यम से भक्तों को रसास्वादन कराएंगे आज मयूर विहार स्थित कथा स्थल पर भूमि पूजन प्रारंभ हुआ जिसमें पंडित रमाकांत पाराशर पंडित बृजेंद्र रावत पंडित सूर्यांश तिवारी द्वारा पृथ्वी पूजन कलश पूजन कथा संकल्प गणेश अथर्वशीर्ष बाल गोपाल राधा रानी पूजन के साथ सत्यनारायण कथा का भी पाठ किया गया कार्यक्रम प्रभारी आशीष जायसवाल ने बताया अशप्रीत होरा एवं गगनदीप होरा द्वारा भूमि पूजन स्थल पर बाल गोपाल का भव्य पंडाल सजाया गया मुख्य यजमान ज्योति सतनाम सिंह होरा द्वारा कन्या पूजन गौ पूजन एवं भूमि पूजन के साथ पधारे समस्त ब्राह्मणों को तिलक लगाकर आशीर्वाद लिया खंडवा ट्रैफिक डीएसपी आनंद स्वरूप सोनी एवं जिला जेल के वरिष्ठ जेलर ललित दीक्षित द्वारा भूमि पूजन किया गया भागवत रस वर्षण महोत्सव के अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल महासचिव चंद्रहास सोनी पूर्व अध्यक्ष माधव सांडिल्य,कीर्ति नीलकंठ, मधुकर पुनासे, विक्रम यादव, सी एम गंगराड़े, जीसी सेन,राधेश्याम चंदौड़े,दीपक श्रीमाली, रविंद्र गंगराड़े, संतोष महाजन,हेमंत सोनी,श्याम दलाल,बसंत शर्मा,गोविंद गोस्वामी,मोहित बाहेती,बनवारी मालाकार,केदारनाथ गंगराड़े, दीपक दलाल केदार शर्मा,जी एल ओनकर,राजेंद्र पाल रोहित सातले,जितेंद्र पटेल,पंडरी पटेल रोटरी क्लब खंडवा के अध्यक्ष जगदीश पालीवाल,भूपेश पचोरी,रोहित मेहता मौजूद थे रसवर्षण के अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल द्वारा 24 दिसंबर को आगामी मीटिंग के आयोजन की जानकारी भी दी गई एवं बताया मुख्य यजमान सतनाम सिंह होरा द्वारा माँ नर्मदा, बाबा महाकाल, जगतजननी जगदम्बा, दादासरकार के चरणों में निमत्रण पत्र अर्पित किया गया कल वृन्दावन धाम के ईस्ट बाके बिहारी जी को निमत्रण अर्पित करने के पश्चात वृन्दावन एवं ओम्कारेश्वर के भगवताचार्य एवं साधु संतो को निमंत्रण दिया जावेगा महापर्व से जुडी16 कालोनीयों एवं 8 ग्रामीण छेत्र में मीटिंग कर पिले चावल के साथ निमंत्रण दिया जावेगा कथा को सफल बनाने के लिए 25 दिसम्बर को ग्राम रुस्तमपुर में मिटिंग का आयोजन किया जावेगा फोटो=2ड्डश्व028

### ककस व्दारा 22 दिसंबर को आयोजित होगा सन्डे का फंडा

**खंडवा।** नगर की साहित्यिक संस्था कवि कला संगम परिवार (ककस) स्वच्छता अभियान को लेकर सन्डे का फंडा, खूब हंसेगा बंदा का आयोजन करने जा रहा हैं। यह जानकारी देते हुए ककस प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि यह आयोजन संस्थापक सुनील चौरे उपमन्यु के नेतृत्व में यह आयोजन खंडवा में सिविल लाइन स्थित टेगोर पार्क में रविवार 22 दिसंबर दोपहर 12.30 बजे से होगा। ?श्री मंगवानी ने कहा कि एक प्रस्ताव हमारा मूर्तरूप देने का कार्य तुम्हारा के तहत कवि कला संगम परिवार व्दारा इस दिन को यादगार बनाने के लिए खुला मंच का आयोजन भी होगा। जिसमें प्रत्येक सदस्य व्दारा अपनी रूचि अनुसार नृत्य, गीत, भजन, कविता, मिमिक्री आदि की प्रस्तुतियां दी जा सकेगी। नगर के कला एवं साहित्य प्रेमियों से आयोजन का लाभ लेने की अपील ककस परिवार द्वारा की गईहै।

## कालेज में किया आनंद मेला आयोजन, स्व. डॉ. अरविंद सिंह चौहान अलंकरण समारोह आज




**सोहागपुर ■ निसं**

शिक्षाविद स्व. डॉ. अरविंद सिंह चौहान जयंती पर स्थानीय कॉलेज में आज डॉ. अरविंद सिंह चौहान अलंकरण समारोह किया जाएगा। वहीं गुरुवार को आनंद मेला का विद्यार्थियों ने किया है।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. एनके नीखरा ने बताया कि गुरुवार को कॉलेज में विद्यार्थियों ने आनंद मेला आयोजित किया। मेला कॉलेज संस्थापक रहे स्व. डॉ. अरविंद सिंह चौहान के जन्म दिवस के एक दिन पूर्व किया गया। वहीं आज डॉ. अरविंद सिंह चौहान अलंकरण समारोह का आयोजन प्रति वर्षानुसार होगा। जिसमें डॉ. अतुल सेठा नर्मदापुरम्, मनीष ठाकुर मुस्कान संस्था इटारसी, कन्हैयालाल गुरयानी इटारसी, एचपी मांधाता सेवानिवृत शिक्षक सोहागपुर, संकल्प एकेडमी पिपरिया, डॉ. राधारमण मिश्रा सेमरी हरचंद, राकेश मालवीय हरिद्वार, शारदोत्सव समिति सोहागपुर, प्राकृतिक खेती प्रशिक्षक सुभाष पटेल सोहागपुर, मितेंद्र डागा गाडरवारा सम्मानित किए जाएंगे। सेवानिवृत्त खेल शिक्षक जयराम रघुवंशी का नागरिक अभिनंदन भी किया जाएगा। आयोजन आज दोपहर दो बजे से प्रारंभ होगा।

### भारतीय किसान संघ की बैठक कृषि उपज मंडी बानापुरा में सम्पन्न हुई

# किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सिवनी मालवा ■ निसं**

भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक कृषि उपज मंडी बानापुरा के विश्राम गृह में सम्पन्न हुई। जिसमें किसानो की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी सिवनी मालवा को सौंपा गया। जिसमें मांग की गई सिंचाई के लिए बिजली दिन में 10 घंटे लगातार दी जाय। जिसमें कटौती का समय भी जोड़ा जाय।.इस वर्ष फरवरी माह में तहसील के बहुत से गांव में चने की फसल ओलावृष्टि से खराब हो गई थी जिसकी राहत राशि तो मिल गई है पर अभी तक बीमा राशि नहीं मिली है बीमा राशि शीघ्र दिलवाई जाए। समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी सरकार की घोषणा अनुसार 3100 रुपए कुंटल खरीदी की जाए।. बानापुरा कृषि उपज मंडी में वर्तमान में मात्र 450 ट्रैक्टर ट्राली खड़े करने के लिए जगह है जबकि आवक 1200 ट्रैक्टर ट्राली की है। जिसके अंतर्गत तहसील के 189 गांव हैं और 3 जिलों से किसानों का मॉल यहां आता है,इस लिए सोयाबीन प्लांट जो



पूर्व में मंडी की जगह पर बना हुआ हैं उसे वापस कृषि उपज मंडी के सुपरत किया जाए।नहीं तो आगामी समय में कृषक गणों को बहुत ज्यादा समस्या का सामना करना पड़ेगा।वर्तमान में धान खरीदी की जा रही है जिसमें स्लॉट बुकिंग बंद कर दी जाती है उसे चालू कराया जाय।जब तक धान खरीदी होती है जब तक किया जाए।बानापुरा कृषि उपज मंडी में 30 टन का धरम कांटा लगवाया जाए जिसमें वर्तमान समय में किसानों का मॉल समय पर तुल सके।ग्राम नाहरकोला कला में ग्राम की केवल लाइन जली हुई है केवल लाइन बदली जाए एवं ओवरलोड होने के कारण 100 वाट का ट्रांसफार्मर अतिरिक्त लगाया जाए।.बर्ष 1992 में स्वीकृत हथनापुर नर्मदा लिंक उद्वहन परितोजना को शासन पुन: कार्ययोजना लागु कर ग्राम धमासा,टेमला,चौतलाय, झिल्लाय ,सोयत व अन्य एक दर्जन ग्रामो के टेल छेत्र के किसानो को सिंचाई का लाभ प्राप्त हो सके।

.इटारसी सचिव की सहमती से व्यापारियों द्वारा नीलामी में सिवनी मालवा एवं समस्त क्षेत्र के किसानों से डवल हिम्माली ली गई एवं 20 किलो प्रति कुंटल नमी काटी जा रही है जो लगभग 3 महीने से लिया जा रहा है। किसान संघ ने चेतावनी देते हुए कहा कि 8 दिन के अंदर भारतीय किसान संघ सिवनी मालवा के अध्यक्ष एवं मंत्री को जानकारी प्रदान करें।

## ग्वालियर में दुष्कर्मी पिता को आजीवन कारावास

**ग्वालियर।** ग्वालियर जिला एवं सत्र न्यायालय ने सौतेली बेटी से दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने इस के साथ ही आरोपी सुनील सिंह रावत पर 25 हजार रुपए का जुर्माना भी किया है।कोर्ट ने इसके साथ ही पीड़िता की आयु और घटना को देखते हुए 2 लाख 50 हजार रुपए की प्रतिकर राशि प्रदान करने के निर्देश भी दिए हैं। पीड़िता की मां ने आरोपी के साथ दूसरा विवाह किया था। पीड़िता अपनी बेटी को लेकर आरोपी के साथ रहती थी। बता दें कि विशेष न्यायाधीश तरुण सिंह ने आरोपी को धारा 6 एन व 6 एम सह पठित धारा 6 पॉक्सो एक्ट के अपराध में दोषी पाते हुए यह सजा सुनाई है। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि आरोपी के खिलाफ आरोप प्रमाणित पाए गए हैं। आरोपी पर गंभीर आरोप है।

## भोपाल उत्सव मेले का ग्लैमर ग्रुप की एक्टिव सदस्यों ने किया भ्रमण



**भोपाल।** टी.टी. नगर दशहरा मैदान भोपाल में चल रहे भोपाल उत्सव मेले में शहर वासियों का हुजूम पहुंच रहा है। विभिन्न सामाजिक संगठन अपने-अपने ग्रुप के साथ मेले का भ्रमण कर रहे हैं। ऐसा ही राजधानी का एक्टिव महिलाओं का समूह ग्लैमर ग्रुप की महिला सदस्यों ने संपूर्ण मेले का भ्रमण किया मेला कार्यालय में उनका सम्मान भी किया गया। ग्रुप की प्रमुख निशिता सिंह ने भोपाल मेले की व्यवस्थाओं साफ सफाई और अन्य सुविधाओं की प्रशंसा करते हुए कहा स्वस्थ मनोरंजन और हमारी खरीदारी के लिए हर वर्ग के लिए मेला बहु उपयोगी है।

### ट्रिपल आई टी भोपाल में 7 वीं अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ राज्यपाल के करकमलों से संपन्न हुआ

# यू एस ए, यू के,जापान, चीन,जर्मनी, यू ए ई,मलेशिया सहित विश्व के कई राष्ट्रों के शोधार्थी अपना शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे

**भोपाल ■ निसं**

दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में यू एस ए, यू के,जापान, चीन,जर्मनी, यू ए ई,मलेशिया सहित विश्व के कई राष्ट्रों के शोधार्थी अपना शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे।

कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर कॉन्फ्रेंस के जनरल चेयर गल्फ मेडिकल यूनिवर्सिटी के प्रो.विनयतोष मिश्रा,ने हेल्थकेयर में आर्टिफिशल इंटेलीजेंस की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए इस क्षेत्र में उनके द्वारा किए जा रहे शोध कार्यों पर प्रकाश डाला। कॉन्फ्रेंस के ऑनरेरी चेयर एवं की नोट स्पीकर के सी संतोष ने अपने उद्घाटन सत्र में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और पैटर्न रिकग्निशन का दैनिक जीवन में उपयोग एवं इसके द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर मैनिट के निदेशक प्रो.के के शुक्ला ने 7 वे RTIPwR के आयोजन पश्चात अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए शोध कार्यों एवं विश्वस्तरीय समस्याओं के समाधान में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की विशेष भूमिका होने



की आशा व्यक्त की ।उन्होंने कहा कि भारत इस क्षेत्र में अपनी विशेष भूमिका अदा कर सकता है ।इस अवसर पर उन्होंने बताया कि मैनिट भोपाल एम्स भोपाल के साथ संयुक्त रूप से मिलकर हेल्थ केयर के क्षेत्र में 6 माह के सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम संचालित करने जा रहा है।

ट्रिपल आई टी के निदेशक ने अपने उद्बोधन में कॉन्फ्रेंस के अर्थ को समझते हुए बताया कि प्राचीन काल में कैसे भारत में कॉन्फ्रेंस हुआ करती थी और इन कॉन्फ्रेंस का उपयोग किसी विषय विशेष पर शास्त्रार्थ एवं बाद विवाद कर किया जाता था ।उन्होंने कहा कि कॉन्फ्रेंस शब्द भारत के लिए कोई नई चीज नहीं थी शायद दुनिया में सर्वप्रथम हमने ही कॉफ्रेंस की महत्ता को पहचान कर उसे अपनाया है ।उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि भारत के शोधार्थी अपने विशिष्ट शोधपत्रों के माध्यम से सारे विश्व पटल पर अपनी छाप छोड़ें ।जैसे कि ऑस्ट्रेलिया एवं अन्य देशों में व्यापार करने जानेवाले लोगों ने वहां पर अपना झंडा लगाकर अपनी छाप बनाई।

कॉन्फ्रेंस के शुभारंभ कार्यक्रम के अंत में राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने 7 वीं अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस RTIPwR के शुभारंभ की घोषणा करते हुए आज के समय में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की विशेष भूमिका पर बल दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### डेढ़ लाख की अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

**भोपाल।** राजधानी भोपाल की हनुमानगंज थाना पुलिस ने एक अफीम तस्कर को गिरफ्तार कर उसके के कब्जे से डेढ़ लाख कीमत की आधा किलो अफीम जप्त की है। टीआई हनुमानगंज अवधेश सिंह भदौरिया ने बताया की बीते दिन मुखबिर से मिली सूचना पान मंडी के पास काले रंग का बैग लेकर खड़े एक संदिग्ध व्यक्ति को घेरांबदी कर पकड़ा गया था। पूछताछ में उसकी पहचान राहुल यादव पिता भैरोलाल यादव (27) निवासी ग्राम डाबला गुर्जर कुए के पास थाना श्यामगढ मदसौर हाल पता पंतजलि परिसर गाधीनगर भोपाल के रुप में हुई। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद बैग में आधा किलो अफीम बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का मामला कायम कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। बताया गया है की आरोपी यह नशीला पदार्थ मदंसौर से लेकर आया था, और इसे किसी को डिलेवर करने की फिराक में था। पुलिस आरोपी से राजधानी में फैले उसके नेटवर्क के बारे में आगे की पूछताछ कर रही है।

### राजधानी बनी टीबी मरीजों का गढ़,सरकार द्वारा कराए गए सर्वे में हुआ खुलासा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में टीबी (ट्यूबरकुलोसिस) तेजी से फैल रहा है। केंद्र सरकार ने 2025 तक इसे देशभर से खत्म करने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए प्रदेश में 1.90 लाख टीबी मरीज खोजने का लक्ष्य है, लेकिन अब तक स्वास्थ्य विभाग 1.66 लाख मरीजों की ही पहचान कर सका है। अहम बात यह है कि अब तक प्रदेश में सर्वाधिक टीबी के मरीज भोपाल में मिले हैं। भोपाल में इस रोग के मरीजों की संख्या 11768 है। इसी तरह से दूसरे नबंर पर इंदौर जैसा शहर है। तीसरे नंबर पर छतरपुर आता है। सबसे कम 608 मरीज निवाड़ी जिले में मिले हैं। सतना जिला 4680 मरीजों के साथ प्रदेश में 10वें पायदान पर है। हालांकि विभाग प्रदेश में लक्ष्य के मुकाबले 88 फीसदी मरीजों की ही पहचान कर सका है। अभियान के तहत जिलों में आबादी के अनुसार जनवरी से दिसंबर 2024 तक मरीजों को तलाशने का लक्ष्य दिया गया था। प्रदेश में 1.90 लाख टीबी मरीजों को तलाशने का लक्ष्य था, जिसमें से विभाग 1.66 लाख मरीजों की पहचान कर सका है। प्रदेश में लक्ष्य के मुकाबले अभी 12 फीसदी मरीजों तक महकमा नहीं पहुंच सका है। प्रदेश के सिर्फ दो जिले शिवपुरी में 110 प्रतिशत, बुरहानपुर में 109 प्रतिशत टीबी मरीज की पहचान की जा चुकी है।

### 5वीं और 8वीं का टाइम टेबल जारी, 24 फरवरी से शुरू होंगी परीक्षाएं

**भोपाल।** मध्य प्रदेश बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन ने कक्षा 5वीं और 8वीं के लिए एमपी बोर्ड टाइम टेबल 2025 की घोषणा कर दी है। तदनुसार, एमपी कक्षा 5वीं, 8वीं बोर्ड परीक्षा 2025 24 फरवरी से आयोजित की जाएगी। आधिकारिक नोटिस के अनुसार, एमपी बोर्ड कक्षा 5वीं की परीक्षाएं 2025 1 मार्च को समाप्त होंगी, जबकि कक्षा 8 की परीक्षाएं 5 मार्च को समाप्त होंगी। एमपी बोर्ड कक्षा 5वीं और 8वीं दोनों बोर्ड परीक्षाएं 2024 प्रथम भाषा के पेपर (हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू और मराठी पेपर) से शुरू होंगी। एमपी बोर्ड 5वीं की परीक्षाएं दूसरी भाषा के पेपर के साथ समाप्त होंगी जबकि 8वीं की परीक्षाएं तीसरी भाषा के पेपर के साथ समाप्त होंगी। एमपी बोर्ड कक्षा 5वीं, 8वीं परीक्षा समय 2025 एमपी बोर्ड कक्षा 5वीं, 8वीं परीक्षा 2 घंटे 30 मिनट की अवधि के लिए आयोजित की जाएगी। एमपी बोर्ड कक्षा 5वीं, 8वीं परीक्षा 2025 का समय दोपहर 2 से 4:30 बजे तक है। छात्रों को एमपी बोर्ड कक्षा 5, 8 परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण होने के लिए प्रत्येक विषय में कुल मिलाकर 33 अंक प्राप्त करने होंगे।

### एमआरआई सेंटर के चेंजिंग रूम में महिला का वीडियो बनाया

# पेशेंट ने पकड़ा हिडन कैमरा; आरोपी के मोबाइल में कई महिलाओं के वीडियो

**भोपाल ■ निसं**

भोपाल के मालवीय नगर में स्थित एक एमआरआई सेंटर मेडी स्कैन के चेंजिंग रूम में हिडन कैमरा लगा मिला। गुरुवार को एमआरआई कराने पहुंची महिला और उसके पति ने कैमरा देखा। महिला के पति का दावा है कि चेंजिंग रूम में फॉल सीलिंग में मोबाइल फोन छिपाकर रखा गया था। यहां महिलाएं एमआरआई से पहले गाउन पहनने आया करती हैं। कैमरा देखने पर इसका विरोध किया, तो स्टाफ ने बदसलूकी की। हंगामे की सूचना पर अरेरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लैब के एक कर्मचारी को हिरासत में लिया है। उसके मोबाइल में कई वीडियो मिले हैं। महिला के पति के मुताबिक, किसी तरह वह और पत्नी वहां से जान बचाकर निकले और थाने पहुंचे। पति-पत्नी को साथ लेकर पुलिस सेंटर पहुंची। मोबाइल फोन जब्त कर लिया है।

**चेंजिंग रूम सील, कर्मचारी की भूमिका संदिग्ध:** टीआई ने बताया कि चेंजिंग रूम को सील कर दिया है। कर्मचारियों के बयान दर्ज किए जाएंगे। शुरुआती जांच में एक मेल कर्मचारी की भूमिका संदिग्ध पाई है। इसका नाम विशाल ठाकुर है। उसके मोबाइल से अश्लील वीडियो मिले हैं।

आरोपी से पूछताछ की जा रही है कि वीडियो को बनाने के बाद वह आगे क्या करता था? दूसरे कर्मचारियों के साथ भी ये वीडियो शेयर करता था, किसी सोशल मीडिया साइट पर भी इन वीडियो को अपलोड तो नहीं किया? इसे लेकर पूछताछ की जा रही है।




#### फॉल सीलिंग के बीच रखे मोबाइल से रिकॉर्डिंग

अरेरा हिल्स थाने के टीआई मनोज पटवा के मुताबिक, जहांगीराबाद में रहने वाला युवक, पत्नी को लेकर सेंटर पहुंचा था। पत्नी चेंजिंग रूम में पहुंची। गाउन पहनते समय उसने छत की ओर देखा। पीओपी (प्लास्टर ऑफ पेरिस) की फॉल सीलिंग के बीच उसे कुछ रखा दिखा। उसने पति को इसकी जानकारी दी। पति ने चेक किया, तो वहां मोबाइल फोन रखा। इसमें वीडियो रिकॉर्डिंग ऑन थी।

#### पति बोला- 27 मिनट की रिकॉर्डिंग हो चुकी थी

महिला के पति ने बताया कि जब मोबाइल को चेक किया, तब उसमें वीडियो रिकॉर्डिंग चल रही थी। 27 मिनट की वीडियो बन भी चुकी थी। इसमें कई महिलाओं के फुटेज थे। जब स्टाफ से मोबाइल के बारे में पूछा, तो किसी ने कुछ नहीं बताया। स्टाफ ने मोबाइल छीना और मारपीट करने पर उतर आया।

## नागरिक सहकारी बैंक घोटाले के दो आरोपियों का सरेंडर

### बैंक में नौ करोड़ रुपये का घोटाला, आरोपियों ने निवेशकों की राशि में की थी हेरफेर



**भोपाल ■ निसं**

नागरिक सहकारी बैंक नेपानगर में हुए करीब नौ करोड़ रुपये के घोटाले में आरोपी बनाए गए दो कर्मचारियों ने बुधवार को जिला न्यायालय में समर्पण कर दिया। आरोपी राकेश जाधव और योगेश महाजन साल 2022 में मामला दर्ज होने के बाद से फरार चल रहे थे। इस घोटाले में बैंक के 16 अधिकारी, कर्मचारियों व डायरेक्टर आदि को आरोपी बनाया था। नेपानगर पुलिस दस आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी थी, जबकि एक आरोपी सुभाष यादव की फरारी के दौरान उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में बीमारी से मृत्यु हो गई थी।

इस मामले में बैंक प्रबंधक शैलेष मांडले और विजय शर्मा अब भी फरार हैं। पुलिस दोनों की तलाश कर रही है। 29 दिसंबर 2022 को पांडुरंग सोनवाने ने बैंक से 8.85 लाख रुपये गबन किए जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। शाहपुर निवासी योगेश महाजन पर भी 23 लाख रुपये का गबन करने का आरोप है।

#### ज्यादा ब्याज का लालच देकर जमा कराई थी राशि

नागरिक सहकारी बैंक के तत्कालीन डायरेक्टर, प्रबंधक आदि ने लोगों को अधिक ब्याज का लालच देकर राशि जमा कराई थी। बैंक में 600 से अधिक लोगों ने चालू खाते, फिक्स डिपाजिट आदि में राशि जमा की थी। कई महीनों तक उन्हें स्कीम के तहत ब्याज भी दिया था, लेकिन बाद में संचालक मंडल व कर्मचारियों ने बैंक की स्थिति खराब होने का हवाला देकर ब्याज की राशि आंशिक रूप से घटानी शुरू कर दी थी। लंबे समय तक संचालक मंडल के सदस्य व कर्मचारी जमा राशि में हेराफेरी करते रहे। जिसके चलते गबन का आंकड़ा लाखों से करोड़ों में पहुंच गया था। बैंक में राशि जमा कराने वाले अब भी रकम वापस पाने के लिए चक्कर काट रहे हैं।

### वृद्धा और युवती का मोबाइल झपटकर ले गये बदमाश

**भोपाल।** कोहेफिजा थाना इलाके में स्थित मिलन शादी हॉल के पास मंगलवार शाम स्कूटर सवार दो बदमाशों ने सड़क किनारे खड़े वृद्ध और युवती के हाथ से मोबाइल झपटकर चंपत हो गए। मिली जानकारी के मुताबिक मिलन शादी हाल के पास अहमदाबाद पैलेस रोड कोहेफिजा में रहने वाले सैयद जफर अब्बास जैदी (62) ने बताया कि वह पेशे से किसान हैं। मंगलवार शाम करीब 7 बजे वह मिलन शादी हाल के पास सड़क किनारे खड़े होकर मोबाइल पर बातचीत कर रहे थे। उसी समय सैफिया कालेज ग्राउंड की तरफ और से दो पहिया वाहन पर सवाह दो बदमाश उनके नजदीक आये और झपट्टा मारकर हाथ में पकड़ा 17 हजार रुपये कीमत का मोबाइल छीनकर भाग गये। फरियादी ने जब शोर मचाया तब आसपास के लोगों ने दोनों बदमाशों का पीछा करने का प्रयास किया। पीछा करते हुए लोग जब कोहेफिजा ब्रिज के पास पहुंचे तो देखा कि दो युवतियां भी उन्हीं स्कूटर सवार बदमाशों के पीछे शोर मचाते हुए भाग रही हैं। पीड़िता युवती मेघा प्रजापति (23) निवासी विजय नगर चांदबड़ स्टेशन बजरिया ने बताया कि दोनों बदमाशों ने उनके हाथ से 12 हजार रुपए कीमत का मोबाइल फोन छीनकर भागे है।

# सायबर ठगोरों को फर्जी सिम देने वाला पीओएस एजेंट सूरत गुजरात से गिरफ्तार

- मोटी रकम पर 250 सिम बेच चुका है, जालसाजों को
- नया सिम या नंबर पोर्ट कराने के नाम पर ग्राहकों की सिम कराता था एक्टिवेट

**भोपाल ■ निसं**

क्राइम ब्रांच भोपाल की सायबर टीम ने शेयर मार्केटिंग में इन्वेस्ट कराने के नाम धोखाधडी करने वाले गिरोह को फर्जी सिम उपलब्ध कराने वाले पीओएस एंजेट को सूरत गुजरात से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इससे पहले टीम पॉच और आरोपियो को गिरफ्तार कर चुकी है। क्राईम ब्रांच एडीसीपी शैलेन्द्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि राजधानी निवासी एक महिला की नाती के साथ अज्ञात ठग द्वारा एमआरटीईई मार्केटिंग प्रायवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा शेयर देने के नाम पर 9 लाख की ऑनलाईन धोखाधडी की गई थी। जांच के आद फ्रॉड बैंक खातों का इस्तेमाल करने वाले अज्ञात आरोपियो के खिलाफ धारा 319(2), 318(4) बीएनएस के तहत मामला कायम किया



गया था। आगे की कार्यवाही करते हुए पुलिस ने तकनीकी जानकारी के आधार पर इसी साल अगस्त माह में ठगी में प्रयोग किये गये बैंक एकांउट के खाता धारको आरोपी रामनाथ लोधी को शिवपुरी, बांभनीया शांति, प्रजापति अश्विन, परमार कमलेश, तीनो निवासी सूरत गुजरात को कपोदरा जिला सूरत गुजरात से गिरफ्तार किया था।

मामले में आगे की कार्यवाही करते हुए टीम ने 16 दिसंबर को जालसाजी में उपयोग किये गये मोबाईल नंबर को फर्जी तरीके से एक्टिवेट कर सायबर ठगो को बेचने वाले पीओएस ऐजेन्ट आशुतोष कुमार पिता उमेश सिंह (22) हाल निवास साईं रेसिडेंसी, कर्सनपाडा, ओलपाड, जिला सूरत गुजरात, स्थाई पता ग्राम दुर्गापुर कुशवाह टोला, पोस्ट सेमापुर, थाना बरारी जिला कटिहार बिहार को सूरत गुजरात से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ाये गये आरोपी पीओएस एजेन्ट आशुतोष ने पूछताछ में बताया कि वह नया सिमकार्ड देने अथवा सिम पोर्ट कराने के बहाने ग्राहकों के नाम से सिम एक्टिवेट कर लेता लेकिन सिम एक्टिवेट कराने के बाद ग्राहकों से टेक्निकल समस्या के कारण सिम एक्टिवेट नहीं होने की बात कहते हुए सिम को अपने पास ही रख लेता था। बाद में आशुतोष अन्य लोगों के नाम एक्टिवेट की गई ऐसी सिमो को सायबर ठगों को 1 से 2 हजार रुपये के कमीशन पर बेच देता था। आरोपी बीते करीब छ महीनो से सायबर ठगों को फर्जी सिम बेचने का काम कर रहा था, और अब तक करीब 250 सिमकार्ड सायबर ठगों को बेच चुका है। टीम ने उसके पास से 10 एक्टिवेटेड सिमकार्ड जप्त किये है। पीओएस आशुतोष ने पुलिस को बताया कि उसने अन्य पीओएस एजेंट्स से फर्जी तरीके से सिम एक्टिवेट कर बेचने का काम सीखा था। मामले में सामने आई जानकारी के आधार पर धारा 61(2), 238 बीएनएस एवं 66(डी) आईटी एक्ट का इजाफा किया गया है।

### 539 वर्ष पूर्व बना था ग्रहों का ऐसा महासंयोग

## ग्रहों का महासंयोग : पूरे विश्व में 19 ,20 दिसंबर, 2 दिन रहेगी महासंयोग की छाया

**भोपाल ■ निसं**

नवग्रह की स्थिति को लेकर यह एक विशेष खगोलीय घटना घटित होने जा रही है, इसे ग्रहो का महासंयोग कहा जाता है। इस महासंयोग में सभी ग्रह अलग-अलग राशियों में होते हैं। ग्रहों का यह महासंयोग इस वर्ष लगभग 539 वर्ष बाद बना है। 2024 में यह स्थिति 20 ,21 एवं 22 दिसंबर को 2:15 मिनट दोपहर तक रहेगी, जब सभी ग्रह अलग-अलग राशियों में रहेंगे। ज्योतिष मठ संस्थान के संचालक पंडित विनोद गौतम ने बताया की कालगणना के अनुसार इसके पूर्व अलग-अलग राशियों में सभी ग्रह 1485 ईस्वी में थे ।जब भी ग्रह गोचरीय व्यवस्था मैं लंबे अंतराल बाद समानता होती है, उसे ग्रहो का महासंयोग कहते हैं लगभग 539 वर्ष पूर्व की यह स्थिति इस बार दिसंबर 2024 में बनी है आगामी स्थिति कब बनेगी यह काल गणना एवं शोध का विषय है ।

पंडित गौतम के अनुसार ज्योतिष काल गणना में ऐसी स्थितियां 500 वर्ष वाद ही में बनती हैं , ग्रहों का यह महासंयोग विश्व स्तरीय प्रभाव दे सकता है। प्राकृतिक, मानवीय, एवं आर्थिक परिवर्तन देखे जा सकते हैं।



#### ग्रहो के महासंयोग की स्थिति इस प्रकार से होगी

उदय कालिक लग्न धनु राशि में सूर्य ,मकर राशि में शुक्र, कुंभ राशि में शनि ,मीन राशि में राहु, वृष राशि में गुरु, कर्क राशि में मंगल ,सिंह राशि में चंद्रमा ,कन्या राशि में केतु, तथा वृश्चिक राशि में बुध विचरण करेंगे ।इस प्रकार प्रत्येक राशि में गृह अलग-थलग रहेंगे।

महासंयोग पर शोध के अनुसार 539 वर्ष बाद ग्रहों का यह महासंयोग युग परिवर्तन कराने में एवं भारत को विश्व गुरु बनाने में सहयोग प्रदान करता है

**ग्रहो के महासंयोग की स्थिति इस प्रकार से होगी:** उदय कालिक लग्न धनु राशि में सूर्य ,मकर राशि में शुक्र, कुंभ राशि में शनि ,मीन राशि में राहु, वृष राशि में गुरु, कर्क राशि में मंगल ,सिंह राशि में चंद्रमा ,कन्या राशि में केतु, तथा वृश्चिक राशि में बुध विचरण करेंगे ।इस प्रकार प्रत्येक राशि में गृह अलग-थलग रहेंगे।

### भोपाल मंडल के 9 स्टेशनों पर किलाबंदी टिकट चेकिंग

# 1549 यात्री पकड़े गए, 8.66 लाख रुपए का जुर्माना वसूला

**भोपाल ■ निसं**

मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ कटारिया के निर्देशन में भोपाल मंडल द्वारा अधिकृत यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने तथा रेल राजस्व में वृद्धि करने हेतु सतत प्रयास किये जा रहे है।

इसी क्रम में 19.12.2024 को भोपाल मंडल के नौ स्टेशनों जैसे भोपाल,रानी कमलापति,संत हिरदाराम नगर, गुना, बीना, इटारसी, हरदा,विदिशा, नर्मदापुरम स्टेशनों पर एक साथ सुबह 06 बजे से दोपहर 02 बजे तक वाणिज्य विभाग के 10



पर्यवेक्षक ,104 टिकट चेकिंग स्टाफ के सहयोग से किलाबन्दी टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। पर्यवेक्षक टिकट चेकिंग स्टॉफ की निगरानी में चलाये गए इस टिकट चेकिंग अभियान के दौरान स्टेशन के बाहर निकलने वाले रास्ते की घेराबंदी की गई, ताकि कोई भी यात्री बिना जाँच के स्टेशन के बाहर न जा सकें।

इस किला बन्दी टिकट चेकिंग अभियान के दौरान स्टेशनों पर आने-जाने वाली कुल 153 गाड़ियों के यात्रियों के टिकट की जांच की गई। जांच के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले कुल 730 यात्री पकड़े गए, जिनसे रुपये 468395/- बतौर किराया/जुर्माना वसूला किया गया। अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले कुल 806 यात्री पाए गए, जिनसे रुपये 396190/- बतौर जुर्माना/किराया वसूल किया गया। बिना बुक कराए सामान लेकर यात्रा कर रहे एवं स्टेशन पर गंदगी फैलाते हुए 13 यात्री पाए गए, जिनसे रुपये 2400/- बतौर जुर्माना/किराया वसूलने के साथ ही यात्रियों को उचित टिकट लेकर ही यात्रा करने एवं गंदगी ना करने की समझाईश दी गई।

इस प्रकार सभी टेशनों पर एक साथ चले इस क़िलाबन्दी टिकट चेकिंग अभियान के दौरान बिना टिकट, अनुचित टिकट, बिना बुक कराए समान लेकर यात्रा करते पाए गए यात्रियों के पकड़े गए कुल 1549 मामलों से कुल रुपये 866985/- का रेल राजस्व प्राप्त हुआ।

इस किला बन्दी टिकट चेकिंग अभियान के दौरान भोपाल स्टेशन पर आने-जाने वाली कुल 21 गाड़ियों के यात्रियों के टिकट की जांच की गई। जांच के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले कुल 203 यात्री पकड़े गए, जिनसे रुपये 137470/- बतौर किराया/जुर्माना वसूला किया गया। अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले कुल 161 यात्री पाए गए, जिनसे रुपये 81150/- बतौर जुर्माना/किराया वसूलने के साथ ही यात्रियों को उचित टिकट लेकर ही यात्रा करने एवं गंदगी ना करने की समझाईश दी गई।

इस प्रकार भोपाल स्टेशन पर चले इस क़िलाबन्दी टिकट चेकिंग अभियान के दौरान बिना टिकट, अनुचित टिकट, बिना बुक कराए समान लेकर यात्रा करते पाए गए यात्रियों के पकड़े गए कुल 364 मामलों से कुल रुपये 218620/- का रेल राजस्व प्राप्त हुआ।

## स्वैच्छिक संस्थाओं की विभागीय समस्याओं के संबंध में प्रमुख सचिव को दिया ज्ञापन

**भोपाल ■ निसं**

यू.एन.जी.ओ ग्रुप भोपाल द्वारा म. प्र. सोसाइटी एवं फर्म के सभी संभागीय कार्यालयों में स्वैच्छिक संस्थाओं की समस्याओं को लेकर आज एक ज्ञापन पत्र प्रमुख सचिव औधोगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव को दिया गया जिसमें स्वैच्छिक संस्था की विभागीय समस्यों पर प्रमुख सचिव का ध्यानाकर्षण कराया गया कि मध्यप्रदेश के सोसाइटी फर्म कार्यालयों में संस्थाओं के विभागीय कार्य जैसे पंजीयन,संशोधन, ज्ञापन-विधान की नकल, फाईल निरीक्षण, सूचना के आधिकार, वार्षिक सूची जारी करने संबंधित कार्य कर्मचारियों की कमी एवं अतिरिक्त प्रभार के कारण लंबित चल रहें हैं। यू एन.जी.ओ.ग्रुप प्रमुख सतीश पुरोहित ने प्रमुख सचिव, औधौगिक नीति - निवेश प्रोत्साहन विभाग से मांग की है सभी संभागीय कार्यालयों संविदा कार्मचारियों की नियुक्ति की जाय। जिससे संस्थाओं के विभागीय कार्य त्वरित निस्तारण किये जा सकें।

## अनमोल वचन

वृक्ष अपने सिर पर गरमी सहता है पर अपनी छाया में दूसरों का ताप दूर करता है।

**तुलसीदास**

माया मरी न मन मरा, मर मर गये शरीर। आशा तृष्णा ना मरी, कह गये दास कबीर?

**कबीर**

## सम्पादकीय

# बोलने से नहीं, आत्मनिर्भर होने से भारत बनेगा विश्व गुरु

*वर्तमान सत्तारुण दल भारत को अक्सर विश्व गुरु कहकर संबोधित करता है। वास्तविकता ठीक इसके विपरीत है। किसी भी देश को विश्व गुरु बनने की प्रतिस्पर्धा में आगे निकलने के लिए विज्ञान, तकनीक और अनुसंधान पर आत्मनिर्भर होना आवश्यक होता है। चीन और भारत की तुलना में, चीन हर क्षेत्र में भारत से बहुत तेजी के साथ आगे निकल गया है। शिक्षा, अनुसंधान, नवीन तकनीकों के विकास से चीन तीन दशक के अंदर सारी दुनिया के देशों को पछाड़कर महाशक्ति बन गया है। चीन आर्थिक निवेश, निर्यात व्यापार और तकनीकी ज्ञान से दुनिया के देशों में सुपर पावर बना है। सारी दुनिया के देशों में चीन के बिना सब सून की स्थिति बन गई है। दुनिया के सभी देशों में चीन के सस्ते माल का कोई विकल्प नहीं है। चीन हर देश के लिए अलग-अलग तरीके से समान बनाता है। भारत की होली, दिवाली, 15 अगस्त, 26 जनवरी, शादी-विवाह, बच्चों के खेल, खिलौने से लेकर हर चीज चीन में तैयार होती है। भारत के देवी-देवता और भगवान की मूर्तियां भी चीन में तैयार हो रही हैं। भारत में जो विकास कार्य चल रहे हैं उसमें चीन की मशीने लगी हुई हैं। चीन अपनी जीडीपी का 2।4फीसदी शोध और विकास कार्यों पर खर्च करता है। जबकि भारत मात्र 0.7फीसदी खर्च करता है। चीन में 550 बिलियन डॉलर प्रति वर्ष शोध पर खर्च कर रहा है। भारत में यह आंकड़ा मात्र 2 बिलियन डॉलर का है। इतना ही नहीं, दुनिया की टॉप 100 यूनिवर्सिटीज़ में चीन का 13 वां स्थान है। जबकि भारत का कोई भी विश्वविद्यालय इस 100 की सूची में शामिल नहीं है। भारत ने अपनी शिक्षा और स्वास्थ्य का बजट घटा दिया है। तकनीक के क्षेत्र में चीन का प्रभुत्व सारी दुनिया के देश मान रहे है। बहुमूल्य माईनिंग उत्पाद के उपकरण, ईवी बैटरी, सेमीकंडक्टर चिप्स, और सोलर एनर्जी जैसे क्षेत्रों में चीन का दबदबा सारी दुनिया में बना हुआ है। वहीं, भारत की इन क्षेत्रों में कोई उपलब्धि नहीं है। भारत का खनिज कच्चा माल चीन जाता हैं और वहां से उत्पाद बनकर भारत में आता है। भारत आयात के ऊपर निर्भर है। भारत के पास विकास शोध और शिक्षा को लेकर कोई ठोस योजना नहीं है। चीन के उत्पाद वैश्विक बाजारों पर इस कदर छाए हुए हैं। सारी दुनिया के देशों में चीन के उत्पाद का कोई विकल्प नहीं है। चीन दुनिया के देशों के लिए कम कीमत में विविध उत्पाद उपलब्ध कराने वाला सबसे बड़ा बाजार बन गया है। जबकि भारत के मेड इन इंडिया उत्पाद, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कम ही दिखते हैं। भारत का आयात, निर्यात की तुलना में ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। भारत की अर्थव्यवस्था में आयात-निर्यात व्यापार में भारत काफी घाटे में है। भारत में शिक्षा और शोध को लेकर सरकार और समाज दोनों की प्राथमिकताएं चिंताजनक हैं। पिछले 10 वर्षों से शिक्षा और शोध का बजट केंद्र सरकार घटाती चली जा रही है। भारत के छात्र विदेशों में पढ़ने के लिए जा रहे हैं। शिक्षा और शोध के मामले में भारत शून्य पर पहुंच गया है। जिसके कारण चीन की तुलना में भारत बहुत पीछे हो गया है। वैसे जहां तक विश्व गुरु की बात हे तो भारत अपने दर्शन को लेकर शुरु से ही दुनिया के देशों का नेतृत्व करता रहा है। अब जरुर भारत मंदिर-मस्जिद और धार्मिक बहसों में पिछले तीन दशक से उलझा हुआ है। पिछले 10 वर्षों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और आधुनिक शिक्षा और शोध को बढ़ावा देने से भारत बहुत दूर हो गया है। चीन का मीडिया तकनीक और इनोवेशन पर चर्चा करता है। वहीं भारतीय मीडिया धार्मिक मुद्दों में उलझा रहता है। भारतीय मेन स्ट्रीम का मीडिया सरकार का भोंपू बनकर रह गया है। भारतीय मीडिया को अब सुपारी मीडिया या गोदी मीडिया के नाम से भी भारत और दुनिया के देशों में जाना जाता है। भारत को सच में विश्व गुरु बनना है, तो शिक्षा, शोध, और तकनीकी विकास में भारी निवेश करना होगा। नई पीढ़ी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रौद्योगिकी में दक्षता प्रदान करने वाले संस्थान खोलने होंगे। जो संस्थान है उनकी गुणवत्ता पर ध्यान रखना होगा। इसके लिए केवल बजट का आवंटन नहीं, बल्कि वैज्ञानिक और समय के अनुसार बदलाव और व्यावसायिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। भारत को डिमांड और सप्लाई की नीति पर काम करना होगा। यही बाजारबाद का सिद्धांत है। कम्युनिस्ट देश चीन ने इसको समझा है। अपनी आबादी का सही उपयोग उसने समय रहते हुए किया। कम कीमत में सारी दुनिया की जरूरत के समान को उपलब्ध कराने का काम किया। चीन का मीडिया और राजनीति में धर्म का कोई लेना-देना नहीं है। धर्म निजी आस्था और विश्वास का प्रतीक है। चीन ने शिक्षा, शोध, और तकनीकी प्रगति को प्राथमिकता दी है। तभी चीन एक महाशक्ति के रूप में दुनिया के देशों के सामने खड़ा है। वह आर्थिक एवं सामरिक मजबूती के साथ दुनिया को चुनौती दे रहा है। भारत को भी यही सब करना होगा। दुनिया के देशों में भारत सबसे बड़ा युवा आबादी वाला देश है। भारत को इस तरह की नीतियां बनानी होंगी, जिससे युवा आबादी को रोजगार के अवसर मिलें। भारत की आबादी शिक्षित होगी शिक्षा कॉलेज और स्कूल की डिग्री से नहीं मिलती है। अक्षर ज्ञान, भाषाई ज्ञान और डिजिटल तकनीकी का ज्ञान अलग है और व्यक्ति जो काम कर रहा होता है उसमें वह निरंतर विशेषज्ञता हासिल करता है। भारत यदि इस पर ध्यान देगा तो निश्चित रूप से भारत अपने ज्ञान और श्रम शक्ति के बल पर एक बार फिर विश्व गुरु बनने लायक होगा। सोचने और बोलने से विश्व गुरु नहीं बनेंगे। विश्व गुरु बनने के लिए सारी दुनिया के देशों से आर्थिक, सामाजिक और सामरिक दृष्टि से आगे रहना होगा, तभी हम विश्व गुरु का दर्जा हासिल कर पाएंगे।*

## चिंतन-मनन

### ईमानदारी सर्वोत्तम

एक राजा ने अपने उत्तराधिकारी के चुनाव के लिए राज्य के सभी नौजवानों को एक-एक बीज दिया और कहा, इसे गमले में लगाकर सींचना और एक वर्ष के पश्चात मेरे पास लेकर आना। जिसका पौधा सबसे अच्छा होगा, उसे राजा घोषित किया जाएगा। सब बीज लेकर खुशी-खुशी लौटे। पांच-छह दिन गुजर जाने पर भी जब बीज अंकुरित नहीं हुआ, तो सबने उसी प्रकार का बीज नर्सरी से खरीदकर अपने-अपने गमले में लगा दिया और सींचने लगे। इन सबमें केवल भोलू नाम का नौजवान ही ?सा था, जिसने दूसरा बीज खरीदने का दुस्साहस नहीं किया। कुछ दिनों के पश्चात सभी युवा अपने-अपने हरे-भरे गमले के साथ राजा के सम्मुख पेश हुए, केवल भोलू ही खाली गमले के साथ कोने में नजरें चुराए खड़ा था। राजा ने उसे पास बुलाया और घोषणा कर दी कि भोलू ही मेरा उत्तराधिकारी है। जब जनता ने उसके खाली गमले को प्रश्नवाचक नजरों से देखा, तो राजा ने सभी के समक्ष यह भेद खोला कि मैंने उबले हुए बीज सभी को दिए थे। भोलू ने उसी उबले बीज को सींचा, जबकि शेष सभी ने राजा बनने के लिए बीज बदल लिए। ये बड़े-बड़े पौधे बेईमानी की कहानी कह रहे हैं। सत्य तो यही है कि बीज तो अंकुरित होना ही नहीं था, बावजूद इसके भोलू हिम्मत व ईमानदारी से अपना खाली गमला ही मेरे पास लेकर आया। इसलिए अगला राजा भोलू ही होगा। यदि हम बुद्धि रूपी जमीन पर ईमानदारी का बीजारोपण कर उसे सींचेंगे, तो निसंदेह उस पर विश्वास रूपी मीठे फल निकलेंगे।

# तानसेन समारोह ने पूरा किया शतक

**यशवंत गोरे**

मध्य प्रदेश में कला के क्षेत्र के तीन प्रमुख समारोह आयोजित होते हैं। नृत्य कला का समारोह खजुराहो नृत्य समारोह खजुराहो में जो 1975 में प्रारम्भ हुआ, नाट्य कला का समारोह कालिदास समारोह उज्जैन में जो 1958 में पहली बार हुआ था और शास्त्रीय संगीत का तानसेन समारोह ग्वालियर में मध्य प्रदेश के सांस्कृतिक विभाग द्वारा प्रमुखता से आयोजित किए जाते हैं। ग्वालियर के तानसेन समारोह को 100 वर्ष पूर्ण हो गए। संगीत सम्राट तानसेन जिनके लिए संगीत परब्रह्म से एक होने की अनवरत साधना थी उनकी स्मृतियों और शास्त्रीय संगीत को समर्पित यह प्रतिष्ठित समारोह इस वर्ष अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। इस प्रकार इस समारोह ने अपना शतक पूरा कर लिया। जो प्रदेश और संगीत प्रेमियों के लिए गौरव का विषय है। यह भारतीय शास्त्रीय संगीत की मजबूत जड़ों और सस्कृति के प्रति गहरी आस्था का प्रतीक है।

इस वर्ष यह समारोह 14 दिसंबर से 19 दिसंबर तक ग्वालियर में मनाया गया। मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग के लिए जिला प्रशासन, नगर निगम ग्वालियर एवं मध्यप्रदेश पर्यटन के सहयोग से उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद, भोपाल के संयुक्त प्रयासों का यह एक प्रतिष्ठित आयोजन है। संस्कृति विभाग के सौजन्य से मुझे इस वर्ष दिनांक 16 दिसंबर को एक कला समीक्षक के रूप में इस समारोह का साक्षी बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस वर्ष इस समारोह में 100 से अधिक कलाकारों और कई संगीत के लिए समर्पित संस्थाओं को अपनी कला का प्रदर्शन करने के लिए आमंत्रित किया गया था। तानसेन समारोह का यह शताब्दी वर्ष होने पर यूनेस्को द्वारा ग्वालियर नगर को संगीत नगरी घोषित किया गया, सभी ग्वालियर वासी निश्चित ही बधाई के पात्र है। इस उपलक्ष में मध्य प्रदेश के 1500 कलाकारों ने एक साथ एक ही स्वर में एक साथ तबला वादन किया, जिसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया। ग्वालियर के ऐतिहासिक किले पर मध्यकाल के वाद्य यंत्रों को 350 कलाकारों ने वृहद शास्त्रीय बैंड की प्रस्तुति भी दी। शास्त्रीय और लोक संगीत में उपयोग आने वाले वाद्य यंत्रों की एक विशाल प्रदर्शनी इस समारोह की आकर्षण का केंद्र रही। इस प्रदर्शनी में लगभग 600 वाद्य यंत्रों को प्रदर्शित किया गया है। जिसमें कई दुर्लभ वाद्य यंत्र भी शामिल है। तांबे का जल तरंग, नागपिन्नी, नरसिंघा (उत्तराखंड) जाइला फोन, पावसी के माटे, थप्पू, बानामोंडम (यह वाद्य यंत्र साजा वृक्ष की लकड़ी से बनाया जाता है और यह जनजातीय समुदाय द्वारा पारम्परिक संगीत में उपयोग किया जाता है) जैसे कई दुर्लभ वाद्य प्रदर्शित किए गए हैं। इस प्रदर्शनी का संयोजन उज्जैन के त्रिवेणी संग्रहालय द्वारा किया गया है। 99 वर्ष की तानसेन समारोह की यात्रा का सांकेतिक आस्वादन एवं कार्यक्रम के दुर्लभ चित्रों की प्रदर्शनी के साथ तानसेन सम्मान से अलंकृत विभूतियों के फोटो प्रदर्शनी में सम्मिलित किए गए हैं।

शताब्दी वर्ष होने के कारण इस वर्ष विशेष रूप से राग-रागिनियों के अंतर संबंध और उनकी रूपवत अभिव्यक्ति केंद्रित चित्रकला शिविर 13 दिसंबर से 19 दिसंबर तक आयोजित किया गया है। इस वर्ष देश भर से नामचीन कलाकारों,



**(एक आँखों देखी रिपोर्ट)**

चित्रकारों को आमंत्रित किया गया है मध्य प्रदेश के वरिष्ठ चित्रकार श्री लक्ष्मी नारायण भावसार के अलावा आनंद गुजरात के कन्नू पटेल, जान डगलस, पवन कुमावत, अवधेश मिश्रा, वेद प्रकाश पालीवाल, महेश चंद्र शर्मा, रामचंद्र खारतमल, मानस जेना और उत्तम दीक्षित चित्रकारों द्वारा नवोदित कलाकारों को इस शिविर में मार्गदर्शन दिया गया। इस शिविर में बनाई पेंटिंग्स की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। श्री लक्ष्मी नारायण भावसार ने बताया कि हमने पेंटिंग में एक नया प्रयोग शुरू किया है। उन्होंने बताया कि अभी तक आप संगीत केवल कान से सुन सकते थे पर अब आप आंखों से भी संगीत महसूस कर सकते हैं। हमने पेंटिंग के माध्यम से राग- रागिनी के प्रहसनों को उनके विषय वस्तु के भाव को पेंटिंग के माध्यम से प्रदर्शित करते हैं, जिसमें यह आप जान सकेंगे कि यह कौन सा राग है। उन्होंने अपनी पेंटिंग रागों का राजा भैरव और भैरव के पुत्र बिलावल उसकी पत्नी राग -रागिनी और तोड़ी के वियोग को पेंटिंग के माध्यम से प्रदर्शित करने का प्रयोग किया है।

वादी संवादी के अंतर्गत भारतीय संगीत में उपशास्त्रीय शैलियों की अवधारणा विषय पर पंडित सज्जनलाल ब्रम्हभट्ट, भोपाल शास्त्रीय संगीत में साथ संगति पंडित अरविंद आजाद, पुणे और शास्त्रीय गायन का पारंपरिक और वर्तमान स्वरूप विषय पर पंडित विकास कशालकर पुणे का कार्यक्रम भी रखा गया।

16 दिसंबर को आयोजित संस्कृति विभाग द्वारा रखी गई प्रेस वार्ता में स्थानीय पत्रकारों ने कई महत्वपूर्ण सुझाव विभाग के अधिकारीयों के समक्ष रखे। समारोह को नगर के संगीत प्रेमियों को जोड़ने और सफल बनाने हेतु लोकगीत और संगीत को शामिल करना एक प्रमुख सुझाव था। यह सुझाव भी दिया गया कि तानसेन को विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम में शामिल कर पढ़ाया जाना चाहिए। जिससे नई पीढ़ी के बच्चे तानसेन के बारे में जान सकें। यह बात भी सामने लाई गई की तानसेन के बारे में कोई अधिकृत जानकारी उपलब्ध नहीं है, उनके बारे में अनेक किवदंतियां है। उनके धर्म के बारे में भी भ्रांतियां हैं। लोग तानसेन को गूगल से सर्च करते हैं जो की अधिकृत नहीं है। संस्कृति विभाग को चाहिए कि तानसेन पर एक शोध कार्य किया जाना चाहिए और विस्तृत जानकारी का एक अधिकृत दस्तावेज तैयार कर संगीत प्रेमियों के सामने रखना चाहिए। उनके जन्म स्थान बेहट को एक स्मारक के रूप में संरक्षित किया जाना चाहिए जो कि आज एक उपेक्षित स्थान है। चन्दन दास (गजल गायक) विदुषी शुभा मुद्गल(गायन) ,पंडित नागराज राव हवलदार(गायन) ,पंडित रोनू मजूमदार (बांसुरी वादक), कमला शंकर (गिटार), पंडित प्रेम कुमार मालिक (ध्रुपद गायन), यूजी नाकागावा (सारंगी) जापान, राहुल शर्मा (संतूर) और इसराइल से आये तावोर बेन दोर (सितार) एवं ताम्र क्लपर (तबला) तथा अन्य नामचीन कलाकारों की समारोह में प्रस्तुति इस समारोह की प्रतिष्ठा को बढ़ाता है और लोकप्रिय भी ।संगीत सभाएं दो सत्रों सुबह और सायंकालीन को आयोजित की गई। संगीत की प्रस्तुतियों के लिए बनाए गए मंच की पृष्ठभूमि में महेश्वर के किले की प्रतिकृति बनाई गई, जो आकर्षक लग रही थी। इस किले का निर्माण 1700 ई. में होलकर स्टेट की महारानी देवी अहिल्या बाई होलकर ने करवाया था।

इस समारोह में तानसेन सम्मान वर्ष 2023 तबला वादक पण्डित स्वपन चौधरी, कोलकाता को एवं राजा मानसिंह तोमर सम्मान वर्ष 2023 सानंद न्यास, इंदौर को प्रदान किया गया।

ग्वालियर की कंपकंपा देने वाली ठंड में संगीत रसिको की भीड़ इस आयोजन की सफलता को प्रदर्शित करती है और यह भी दर्शाती है कि पाश्चात्य संगीत के प्रति आकर्षण के बावजूद शास्त्रीय संगीत के प्रति अभी भी लोगों के जुनून में कोई कमी नहीं है।

किसी भी आयोजन के लिए यह आवश्यक है कि श्रोताओं और प्रस्तुति करने वाले कलाकारों के बीच एक अच्छे उद्घोषक अथवा संचालन करने वाला हो जो समयबद्ध तरीके से प्रस्तुति की लिए कलाकारों को उनका परिचय कराते हुए आमंत्रित करे। इस समारोह में इस दायित्व को बखूबी से अनुभवी और मधुर आवाज के धनी उद्घोषक अशोक आनंद एवं मुकेश कुंदन थॉमस ने किया

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार एवं कला समीक्षक)**
**37, कुंजन नगर, फेस -2**
**नर्मदापुरम (होशंगाबाद रोड) भोपाल**

# समर्थ लोग निर्बल लोगों को स्नेह-सहयोग दें

*संयुक्त राष्ट्र ने 22 दिसंबर 2005 को यह दिवस मनाने की घोषणा की थी। इस दिवस को विश्व एकजुटता कोष और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा बढ़ावा दिया जाता है, जो दुनियाभर में गरीबी उन्मूलन के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने पर केंद्रित हैं। इस दिवस को मनाते हुए हर व्यक्ति शिक्षा में योगदान देकर, गरीबों या शारीरिक या मानसिक रूप से अक्षम लोगों की मदद करके अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।*

**ललित गर्ग**

लोगों के बीच एकजुटता के महत्व को बताने, गरीबी पर अंकुश लगाने, दुनिया भर में गरीबी उन्मूलन के लिए नए रास्तों की तलाश करने, विकासशील देशों में मानव और सामाजिक विकास को बढ़ावा देने, शांति एवं सौहार्दपूर्ण जीवन को संभव बनाने, सरकारों को अंतरराष्ट्रीय समझौतों पर अपनी प्रतिबद्धताओं का सम्मान करने की याद दिलाने एवं पूरी दुनिया में, विशेष रूप से विकासशील देशों में सहयोग, शांति, सह-जीवन, समानता और सामाजिक न्याय की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिये अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस हर साल 20 दिसंबर को मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने 22 दिसंबर 2005 को यह दिवस मनाने की घोषणा की थी। इस दिवस को विश्व एकजुटता कोष और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा बढ़ावा दिया जाता है, जो दुनियाभर में गरीबी उन्मूलन के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने पर केंद्रित हैं। इस दिवस को मनाते हुए हर व्यक्ति शिक्षा में योगदान देकर, गरीबों या शारीरिक या मानसिक रूप से अक्षम लोगों की मदद करके अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस दिवस के माध्यम से सरकारों को सतत विकास लक्ष्य के गरीबी और अन्य सामाजिक बाधाओं का जवाब देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। विविधता में एकता दर्शाने, सतत विकास के लिए लोगों, सरकारों को प्रेरित करने, लोगों को गरीबी, भुखमरी, बीमारियों से बाहर निकालने के लिए इस दिवस का विशेष महत्व है। इसमें भारत अपनी महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस जिम्मेदारी को संभालने का अर्थ है भारत को सशक्त करने के साथ-साथ दुनिया को मानव एकता की दृष्टि से एक नया चिन्तन, नया आर्थिक धरातल, शांति एवं सह-जीवन की संभावनाओं को बल देना। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र के निर्माण ने विश्व के लोगों और राष्ट्रों को एक साथ शांति, मानवाधिकारों और सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए आकर्षित किया। संगठन की स्थापना अपने सदस्यों के बीच एकता और सद्भाव के मूल आधार पर की गई थी, जो सामूहिक सुरक्षा की अवधारणा में व्यक्त की गई थी, जो अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए अपने सदस्यों की एकजुटता पर निर्भर करती है। अंतरराष्ट्रीय मानव एकजुटता दिवस सतत विकास एवं समतामूलक विकास के एजेंडा पर आधारित है, जो अपने आप में गरीबी, भूख और बीमारी जैसे कई दुर्बल पहलुओं से लोगों को बाहर निकालने के लिए केंद्रित है। 'मिलेनियम डिक्लेरेशन' को ध्यान में रखते हुए, एकजुटता को 21वीं सदी में अंतरराष्ट्रीय संबंधों के मूलभूत मूल्यों में से एक माना जाता है, जिसके तहत कम से कम लाभ उठाने वाले और सबसे अधिक मुश्किलों का सामना करने वाले लोग उन लोगों की मदद के योग्य होते हैं जिन्हें सबसे अधिक लाभ मिलता है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने कहा भी है कि एक व्यक्ति तब तक जीना शुरू नहीं करता जब तक वह अपनी व्यक्तिगत चिंताओं के संकीर्ण दायरे से ऊपर उठकर समस्त मानवता की व्यापक चिंताओं तक नहीं पहुंच जाता।

आज समूची दुनिया में मानवीय एकता एवं चेतना के साथ खिलवाड़ करने वाली त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण परिस्थितियां सर्वत्र परिव्याप्त हैं-जिनमें आतंकवाद सबसे प्रमुख है। जातिवाद, अस्पृश्यता, सांप्रदायिकता, महंगाई, गरीबी, भिखमंगी, विलासिता, अमीरी, अनुशासनहीनता, पदलिप्सा, महत्वाकांक्षा, उत्पीड़न और चरित्रहीनता आदि अनेक परिस्थितियों से मानवता पीड़ित एवं प्रभावित है। उक्त समस्याएं किसी युग में अलग-अलग समय में प्रभावशाली रहीं होंगी, इस युग में इनका आक्रमण समग्रता से हो रहा है। आक्रमण जब समग्रता से होता है तो उसका समाधान भी समग्रता से ही खोजना पड़ता है। हिंसक परिस्थितियां जिस समय प्रबल हों, अहिंसा का मूल्य स्वयं बढ़ जाता है। महात्मा गांधी ने कहा है कि आपको मानवता में विश्वास खोना नहीं चाहिए। मानवता एक महासागर है। यदि महासागर की कुछ बूंदें गंदी हैं, तो भी महासागर गंदा नहीं होता है।' ऐसे ही विश्वास को जागृत करने के लिये ही विश्व मानव एकता दिवस की आयोजना की गई है। गरीबी का कारण हिंसा, आतंक, अप्रामाणिकता, संग्रह, स्वार्थ, शोषण और क्रूरता आदि हैं, इनके दंश मानवता को मूर्च्छित कर रहे हैं एवं मानव एकता की सबसे बड़ी बाधाएं हैं। इस मूर्च्छा को तोड़ने के लिए अहिंसा, सह-जीवन, सौहार्द, शांति और सह-अस्तित्व का मूल्य बढ़ाना होगा तथा सहयोग एवं संवेदना की पृष्ठभूमि पर स्वस्थ समाज-संरचना की परिकल्पना को आकार देना होगा। दूसरों के अस्तित्व के प्रति संवेदनशीलता मानव एकता का आधार तत्व है। जब तक व्यक्ति अपने अस्तित्व की तरह दूसरे के अस्तित्व को अपनी सहमति नहीं देगा, तब तक वह उसके प्रति संवेदनशील नहीं बन पाएगा।

## खास बात

### सावरकर के लिए उद्धव ठाकरे ने की भारत रत्न की मांग

भाजपा के वीर सावरकर और महाराष्ट्र के विनायक राव दामोदर को लेकर एक नई राजनीति शुरू हो गई है। उद्धव ठाकरे ने पत्रकार वार्ता कर सरकार से विनायक दामोदर सावरकर को भारत रत्न देने की मांग की है। दामोदर राव सावरकर ऐसी दुधारू तलवार है। जो इस समय सत्ता पक्ष और विपक्ष के लिए क्या नुकसान और फायदा कर सकती है। यह देश की राजनीति में बड़ा चर्चित हो रहा है। बहरहाल उद्धव ठाकरे ने सरकार से भारत रत्न की मांग करके, एनडीए गठबंधन में फूट डालने की एक नई चाल चल दी है। 1980 में जनता पार्टी की सरकार भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुद्दे पर गिरी थी। वही स्थिति अब बनती हुई दिख रही है।

### 2025 में राहु-केतु-शनि और बृहस्पति मचाएंगे धमाल

चार ग्रह एक साथ राशि बदलने जा रहे हैं ।ज्योतिषियों ने यह कहकर भारतीय राजनेताओं की चिंता को बढ़ा दिया है ।शनि ग्रह कर्म फल का न्यायाधीश होता है ।जो समय आने पर न्याय करता है ।न्यायालय की भूमिका निष्पक्ष होगी ।यह ज्योतिषाचार्य का कहना है ।इसी तरह से बृहस्पति गुरु हैं ।उनकी भी राशि बदलने के साथ ही अति महत्वपूर्ण भूमिका होने जा रही है ।साथ में राहु-केतु भी हैं ।यह क्या धमाल मचाएंगे,कहना मुश्किल है ।राजनेताओं और न्यायाधीशों की चिंता बढ़ गई है ।ग्रहों का प्रभाव इन दोनों के ऊपर सबसे ज्यादा पडना है ।इसके आसार दिखने लगे हैं ।न्यायाधीशों और राजनेताओं की चिंता बढ़ गई है ।

### बांग्लादेश में हिंदुओं के समर्थन में उतरी प्रियंका गांधी

वाइनाड से कांग्रेस की सांसद चुनी गई प्रियंका गांधी इन दिनों काफी चर्चाओं में बनी हुई हैं। मंगलवार को वह संसद में एक बैग लेकर पहुंची। जिसमें बांग्लादेश में हिंदुओं और ईसाइयों के ऊपर हो रहे अत्याचार पर विरोध दर्ज कराया। सोमवार को वह फिलिस्तीन के समर्थन में बैग लेकर पहुंची थी। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बांग्लादेश में हिंदुओं के ऊपर अत्याचार को नहीं रोक अपने पर प्रियंका गांधी ने यह निशाना साधा है। प्रियंका गांधी ने बांग्लादेश की हिंदुओं की मांग उठाकर, सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आइना दिखा दिया है। भाजपा हतप्रभ है,अब इसका जवाब किस रूप में दें। संसद में अब लोगों को प्रियंका को देखकर इंदिरा गांधी की याद आने लगती है। जब से वह आई है, लगातार चर्चा का विषय बनी हुई हैं।

### किसानों ने किया सुप्रीम कोर्ट का बहिष्कार?

पंजाब और हरियाणा की सीमा पर पिछले 10 महीने से किसान धरना दे रहे हैं ।किसानों ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त कमेटी से मिलने से इनकार कर दिया है ।18 दिसंबर को यह मीटिंग होनी थी ।किसानों ने कह दिया, वह बैठक में भाग नहीं लेंगे ।सुप्रीम कोर्ट हमेशा सरकार के पक्ष में निर्णय करती है ।किसान 10 महीने से हरियाणा पंजाब बॉर्डर पर बैठे हैं ।सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर वह पैदल दिल्ली जाना चाहते थे ।उन्हें दिल्ली नहीं जाने दिया गया ।हरियाणा सरकार ने शंभू बॉर्डर नहीं खोली ।सुप्रीम कोर्ट ने किसानो की याचिका सुनने से भी इंकार कर दिया । जिसके कारण किसानों को सुप्रीम कोर्ट की कमेटी पर भी विश्वास नहीं रहा ।वहीं किसान नेता डल्लेवाल 23 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं ।उनकी हालत बहुत खराब है ।किसान अब सुप्रीम कोर्ट पर विश्वास नहीं कर रहे हैं ।यह चिंता की बात है ।

## राशिफल

शुभ संवत 2081, शाके 1946, सौम्य गोष्ठ, पौष कृष्ण पक्ष, हेमंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पश्चिम तिथि पंचमी शुक्रवासरे 12/43 मघा नक्षत्रे 56/55 रात्रि आ. 5/29 विवयोगे 34/26 तैतिल करणे 14/17 सिंह की चंद्रमा, मूल समाप्त रात्रि आ.5/29 रवियोग 56/55 धान्य छेदन मुहूर्त तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

**आज जन्म लिए बालक का फल:** आज जन्म लिया बालक योग्य व्यापारी, कुशल शासक, प्रशासक, जिद्दी, हठी, मिलट्री मेन, सिपाही, कर्नल, बिग्रेडियर, कमान्डर तथा लेखापाल, इंजीनियर, डॉक्टर तथा कुशलवक्ता, अधिवक्ता, शासक प्रशासक तथा ठेकेदार भूमि भवन का स्वामी, धनी पंच, सरपंच तथा जनपद का अधिकारी होगा।

मेष राशि- यात्रा भय कष्ट, व्यावसाय बाधा, लाभ, पारिवारिक समस्या उलझन भरी रहेगी।

वृष राशि- राजभय रोग, स्वजन सुख, शिक्षा व लेखन कार्य में सफलता व प्रगति होवेगी।

मिथुन राशि- वाहन भय, मातृ कष्ट, हानि तथा अशांति का वातावरण रहेगा, लाभ के अवसर बनेंगे।

कर्क राशि- सफलता, उन्नति, शुभ कार्य, विवाद, राज कार्य मामलें मुकदमें में प्रगति, जीत होगी।

सिंह राशि- शरीर कष्ट, कार्य व्यय, कार्य में सफलता, आर्थिक सुधार होगे, रुके कार्य बन जाएगे।

कन्या राशि- खर्च, विवाद, स्त्री कष्ट, विद्या लाभ और धीरे-धीरे सुधार होगा, अवरोध में सुधार होगा।

तुला राशि- यात्रा से हर्ष, राज लाभ, शरीर कष्ट, खर्च की मात्रा बढ़ेगी, आर्थिक कष्ट बढ़ जाएंगे।

वृश्चिक राशि- कार्यवृत्ति से लाभ, यात्रा संपत्ति, लाभ, व्यापारी गति में सुधार अवश्य होगा।

धनु राशि- अल्प लाभ चोट और अग्नि शरीर भय, मानसिक परेशानी अवश्य ही बनेगी।

मकर राशि- शत्रु से हानि, कार्य व्यय, शारीरिक सुख होवे, कभी-कभी कुछ कष्ट अवश्य होवे।

कुंभ राशि- सुख व्यय, संतान सुखकार्य, सफलता उत्साह की वृद्धि होगी, ध्यान रखें।

मीन राशि- पदोन्नति, राजभय, न्याय, लाभ हानि, अधिकारियों से मन मुटाव अवश्य बनेगा।

**पीएल गौतमाचार्य**

# मुंबई में हादसा का जिम्मेदारी किसकी

**संजय गोस्वामी**

मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया से एलिफेंटा जा रही बोट हादसे का शिकार हो गई जो एक दूसरे से टकरा गई और नाव में 80 यात्री सवार थे. घटना 18 दिसंबर को 3 बजकर 55 मिनट पर हुई. हादसे के बाद 13लोगों की मौत हो गई और तीन लोग अभी लापता हैं और 101 लोग अस्पताल में भर्ती है ऐ प्रशासन की लापरवाही है ना तो कोई लाइफ जैकट पहनता था पहने भी तो कैसे दिया जाता ही नहीं जिसकी जाँच करनी चाहिए आखिर लाइफ जैकट इतने गहरे समुद्र में क्यों नहीं अनिवार्य किया जाता है जबकी तालाबों में लाइफ जैकट मिलता है यदि तालाब में नहीं भी मिले तो जान बचाया जा सकता है लेकिन इतना गहरा समुद्र में डूब कर कहाँ जायेगा ऐ बताना मुश्किल है कोस्ट गार्ड के जवान तो ऊपर चक्कर मारते हैं लेकिन डूबने में जब तक बचाने आएंगे तब तक देर हो जाती है जो यात्री सवार थे क्या लाइफ जैकेट पहने थे नहीं तो ऐ प्रशासन की लापरवाही है लाइफ़जैकेट, जिसे पर्सनल फ्लोटेशन डिवाइस (क्काप्ष्ठ) या बाउंसी वेस्ट के नाम से भी जाना जाता है, उपयोगकर्ता को पानी में तैरता हुआ रखेगा, जिससे उसके बचने की संभावना बहुत बढ़ जाती है। जैसा कि नाम से पता चलता है, यह आपातकालीन स्थिति में आपकी जान बचा सकता है, जिससे आपको बचाए जाने के लिए अधिक समय मिल सकता है अत: मैं भी एक बार गया था देखा छोटी बोट भी चलती है और कोई लाइफ जैकेट भी नहीं था जान से इस तरह खेलवाड़ करना लापरवाही है कुल मिलाकर, महासागर काफी गहरा है; हालाँकि, इसका तल समतल या एक समान नहीं है, जिसका अर्थ है कि महासागर में पानी की गहराई भी अलग-अलग होती है। महासागर में सबसे गहरी जगह 10,935 मीटर (35,876 फीट) है और यह प्रशांत महासागर के मारियाना ट्रेंच में चैलेंजर डीप नामक स्थान पर पाई जाती है। चूँकि महासागर एक बड़ा स्थान है और इसका अध्ययन करना कठिन है, इसलिए यदि आप कहीं कहीं महासागर की गहराई का पता लगाना मुश्किल हैं, तो आपको कई तरह के परिणाम मिल सकते हैं। 3,682 मीटर (12,080 फीट) की औसत महासागर गहराई का सबसे हालिया अनुमान 2010 में NOAA और वुड्स होल ओशनोग्राफ़िक इंस्टीट्यूशन के वैज्ञानिकों द्वारा उपग्रह माप का उपयोग करके गणना की गई थी। इन मापों से पता चला कि समुद्र तल पहले से ज्ञात की तुलना में बहुत अधिक ऊबड़-खाबड़ और पहाड़ी है और इसके परिणामस्वरूप औसत महासागर की गहराई पहले की गणना की गई गहराई से कम है। जबकि उपग्रह मापों ने समुद्र की गहराई के बारे में पहले से बेहतर अनुमान दिया है, समुद्र तल को मापने के बजाय, उपग्रह वास्तव में समुद्र की सतह को देखते हैं और समुद्र तल पर पहाड़ जैसी विशेषताओं पर परिवर्तनों का पता लगाते हैं। इसलिए वैज्ञानिकों को समुद्र तल की जो तस्वीर मिलती है वह बिल्कुल सही नहीं होती और उसका रिज़ॉल्यूशन भी बहुत अच्छा नहीं होता। कुल मिलाकर, महासागर काफी गहरा है; हालाँकि, इसका तल समतल या एक समान नहीं है, जिसका अर्थ है कि महासागर में पानी की गहराई भी अलग-अलग होती है। महासागर में सबसे गहरी जगह 10,935 मीटर (35,876 फीट) है और यह प्रशांत महासागर के मारियाना ट्रेंच में चैलेंजर डीप नामक स्थान पर पाई जाती है। चूँकि महासागर एक बड़ा स्थान है और इसका अध्ययन करना कठिन है, इसलिए यदि आप कहीं कहीं महासागर की गहराई का पता लगाना मुश्किल हैं, तो आपको कई तरह के परिणाम मिल सकते हैं। 3,682 मीटर (12,080 फीट) की औसत महासागर गहराई का सबसे हालिया अनुमान 2010 में NOAA और वुड्स होल ओशनोग्राफ़िक इंस्टीट्यूशन के वैज्ञानिकों द्वारा उपग्रह माप का उपयोग करके गणना की गई थी।

## दैनिक पंचांग

**20 दिसम्बर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | धनु | 06.17 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | मकर | 08.26 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कुंभ | 10.13 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मीन | 11.45 बजे से |
| गुरु | वृष में | मेष | 13.16 बजे से |
| शुक्र | मकर में | वृष | 14.56 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मिथुन | 16.54 बजे से |
| राहु | मीन में | कर्क | 19.07 बजे से |
| केतु | कन्या में | सिंह | 21.24 बजे से |
| | | कन्या | 23.36 बजे से |
| राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक | | तुला | 01.46 बजे से |
| | | वृश्चिक | 04.01 ब.से |

**शुक्रवार** 2024 वर्ष का 355 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** पंचमी 10.49 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मघा 03.47 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** विष्कुम्भ 18.11 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 10.49 बजे तदनन्तर गर 23.30 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 18.7 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 26'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872199
**जूलियन दिन** 2460664.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जमादि उस्सानी
**तारीख** 17

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 | बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 | बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 | बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 | बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 | बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 | बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 | बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 | बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 | बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 | बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 | बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 | बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 | बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 | बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## काशी विश्वनाथ धाम में केरल के पश्च वाद्य की प्रस्तुति,शिवभक्त झूमे



वाराणसी। श्री काशी विश्वनाथ धाम परिसर के शंकराचार्य चौक में गुरूवार अपरान्ह केरल के पश्च वाद्य की शानदार प्रस्तुति से शिवभक्त झूम उठे। धाम के सांस्कृतिक मंच पर केरल से आए 15 सदस्यीय दल ने बाबा विश्वेश्वर के अति प्रिय पश्च वाद्य बजा माहौल में शिवभक्ति का रंग बिखेर दिया। श्री काशी विश्वनाथ के भोग आरती के बाद कलाकारों ने मंदिर के सांस्कृतिक मंच पर बाबा के प्रति श्रद्धा दिखा अपनी प्रस्तुति से आराधना की।

# असम में आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश, हिंदू नेताओं को निशाना बनाने की साजिश में आठ जिहादी गिरफ्तार

गुवाहाटी ■ एजेंसी

असम पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने केरल और पश्चिम बंगाल पुलिस की मदद से आठ जिहादियों (कट्टरपंथियों) को गिरफ्तार किया है। इनमें एक बांग्लादेशी नागरिक भी है। आरोप है कि यह मॉड्यूल देश में हिंसक हमले और हिन्दू नेताओं को निशाना बनाने की तैयारी कर रहा था। ऑपरेशन प्रगति के तहत देशभर में जुड़े अन्य मॉड्यूल का पता लगाने के लिए पुलिस पड़ताल कर रही है।



गुरुवार को असम पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में असम पुलिस के स्पेशल डीजीपी हरमीत सिंह ने बताया कि राष्ट्रव्यापी आपरेशन प्रगति तहत केरल और पश्चिम बंगाल की पुलिस की मदद से आतंकी माड्यूल का पर्दाफाश किया गया है। पुलिस ने संयुक्त अभियान में आठ जिहादियों को गिरफ्तार किया है। इन जिहादियों की पहचान अब्दुल करीम, मु. अब्बास अली, एनामुल हक, हमिदुल इस्लाम, मिनरूल एसके, शुरू इस्लाम मंडल, मु. साद रंदी उर्फ शाब शेख, मजिबर रहमान के रूप में की गई है। इनके पास से दौरान बांग्लादेशी दस्तावेज, कट्टरपंथी साहित्य और डिजिटल उपकरण जब्त किए गए हैं।

### बांग्लोदश का है मास्टरमाइंड

उन्होंने बताया कि मोहम्मद साद रादी उर्फ शब शेख (32), जो राजशाही, बांग्लादेश का निवासी है, बीते नवंबर में भारत आया था। यह आरोपित असम और पश्चिम बंगाल में स्लीपर सेल्स बनाने और जिहादी विचारधारा फैलाने में लगे थे।

उन्होंने बताया कि इन जिहादियों ने इलाकें में कई बैठकें कर हिंदू संगठनों और प्रमुख धार्मिक नेताओं पर हमले की योजना बनाई थी। इसका उद्देश्य इलाके में साम्प्रदायिक तनाव फैलाना था।

उन्होंने बतायाकि गिरफ्तार नूर इस्लाम मंडल पहले भी एक मामले में गिरफ्तार हुआ था और जमानत पर बाहर था। वह अन्य आरोपितों के साथ मिलकर युवाओं को आतंकी संगठनों से जोड़ने का प्रयास कर रहा था। असम पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी इस जांच की निगरानी कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपति मुर्मु ने गोवा मुक्ति दिवस पर लोगों के बलिदान को किया याद, दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। कृतज्ञ राष्ट्र आज गोवा मुक्ति दिवस पर उन लोगों का पुण्य स्मरण कर रहा है, जिन्होंने इस सपने को साकार करने में अपना बलिदान दिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्र की तरफ से इन योद्धाओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने गोवा के लोगों के सुखद भविष्य की कामना भी की है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर लिखा - गोवा मुक्ति दिवस पर राष्ट्र उन बहादुरों को श्रद्धांजलि देता है जिन्होंने औपनिवेशिक शासन से गोवा की मुक्ति के लिए निस्वार्थ बलिदान दिया। हम निडर स्वतंत्रता सेनानियों और हमारे सशस्त्र बलों को उनके असाधारण साहस और अटूट समर्पण के लिए सलाम करते हैं। उन्होंने इस मौके पर गोवा के लोगों को शुभकामनाएं देते हुए उनके समृद्ध भविष्य की कामना की है।



### पाकिस्तान में कटासराज दर्शन के लिए रवाना हुआ 72 श्रद्धालुओं का जत्था

चंडीगढ़। भारतीय श्रद्धालुओं का एक जत्था गुरुवार को अमृतसर स्थित अटारी-बाघा सीमा के रास्ते पाकिस्तान में कटासराज दर्शन के लिए रवाना हुआ। देशभर से 72 श्रद्धालु इस बार पाकिस्तान यात्रा पर गए हैं। गुरुवार को देश के विभिन्न हिस्सों से आए हुए श्रद्धालु अमृतसर के दुर्गियाना तीर्थ पर इकट्ठा हुए, जहां प्रधान लक्ष्मीकांता चावला के नेतृत्व में उन्हें पाकिस्तान की धार्मिक यात्रा के लिए रवाना किया गया। यह जत्था 25 दिसंबर को भारत वापस लौटेगा। इस दौरान दुर्गियाना तीर्थ कमेटी के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री लक्ष्मी कांता चावला ने कहा कि टाटा नगर से शिव परिवार ग्रुप आज कटासराज की यात्रा के लिए पाकिस्तान रवाना हो रहा है। 72 हिंदू श्रद्धालु जो भारत के अलग-अलग राज्यों से आए हैं, वे पाकिस्तान स्थित अपने गुरुधामों के दर्शनों के लिए जा रहे हैं। कुल 116 लोगों ने पाकिस्तान की यात्रा के लिए वीजा अप्लाई किया था, लेकिन 82 लोगों को ही वीजा मिला सका है। 10 यात्री वीजा मिलने के बावजूद अपने व्यक्तिगत कारणों से यात्रा पर नहीं जा रहे हैं। दूसरा जत्था शिवरात्रि पर पाकिस्तान के लिए रवाना होगा।

### संभल से सपा सांसद बर्क के पिता के खिलाफ एफआईआर

लखनऊ। संभल से सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के पिता ममलूक उर्रहमान बर्क के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। इस एफआईआर में सांसद के पिता पर आरोप है कि बिजली विभाग की टीम उनके घर पर जब जांच करने पहुंची तो उन्होंने टीम को धमकाया। इसके बाद बिजली विभाग के कर्मचारियों की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। उल्लेखनीय है कि बिजली विभाग को समाजवादी पार्टी के सांसद के घर में बिजली कनेक्शन में गड़बड़ी की जानकारी मिली थी। विभाग ने जानकारी दी थी कि बर्क के घर में दो बिजली कनेक्शन हैं। उसी की पड़ताल में बिजली विभाग की टीम उनके घर गयी थी।

### खनौरी बार्डर पर अनशन कर रहे डल्लेवाल हुए बेहोश

चंडीगढ़। पंजाब के खनौरी बार्डर पर पिछले 24 दिन से आमरण अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की गुरुवार को अचानक तबियत बिगड़ गई। दोपहर को डल्लेवाल का बीपी अचानक लो हो गया और उल्टी के बाद वह बेहोश गए। डल्लेवाल की तबियत बिगड़ते ही वहां मौजूद डाक्टरों के हाथ-पांव फूल गए। डाक्टरों ने उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर जाने की सलाह दी। डॉक्टरों के प्राथमिक उपचार के करीब दस मिनट बाद डल्लेवाल को होश आ गए। होश में आने के बाद डल्लेवाल ने कहा कि वह वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये सर्वोच्च न्यायालय में अपना पक्ष रखना चाहते हैं। डल्लेवाल की तबियत बिगड़ने की सूचना मिलते ही पंजाब पुलिस के आलाधिकारी भी खनौरी पहुंच गए और अतिरिक्त पुलिस बल को मौके पर तैनात कर दिया।

### छत्तीसगढ़ के धुर नक्सल क्षेत्र चिंतागुफा स्वास्थ्य केंद्र को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के ताड़मेटला में देश की सबसे बड़ी नक्सली वारदात हुई थी। इसमें 76 जवान बलिदानी हो गए थे। आज उस गांव और आसपास के इलाके ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। चिंतागुफा स्वास्थ्य केंद्र को भारत सरकार के राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया है। इसे 89.69 प्रतिशत का उत्कृष्ट स्कोर मिला है, यह उपलब्धि पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बन गई है। उल?लेखनीय है कि 15-16 नवंबर 2024 को भारत सरकार की टीम ने चिंतागुफा स्वास्थ्य केंद्र का मूल्यांकन किया। ओपीडी, आईपीडी लैब, लेबर रूम और प्रशासनिक कार्य जैसे सभी विभागों की समीक्षा में उच्च रैंक हासिल किया है।

## ग्रीस के पास समुद्र में तीन नाव पलटीं

# हादसे में 40 पाकिस्तानियों की मौत, दूतावास ने भेजी रिपोर्ट

इस्लामाबाद ■ एजेंसी

हाल ही में ग्रीस के पास समुद्र में तीन नावों के पलटने से पाकिस्तान के कम से कम 40 नागरिकों की मौत हो गई। इनमें से सिर्फ पांच के शव खोजे जा सके हैं। बाकी के जीवित बचने की कोई संभावना नहीं है। इसलिए उनको भी मृत मान लेना चाहिए। वजह यह है कि ग्रीस तटरक्षक बल ने समुद्र में बचाव अभियान को बंद कर दिया है। ग्रीस की राजधानी एथेंस से पाकिस्तान के दूतावास ने सरकार को भेजी रिपोर्ट में यह सूचना साझा की है।

जियो न्यूज चैनल में प्रसारित खबर के अनुसार, लीबिया में अभी भी 5,000 से अधिक पाकिस्तान के नागरिक हैं। वह लीबियाई और पाकिस्तानी एजेंटों के साथ यूरोप की यात्रा करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने पाकिस्तान से वीजा प्राप्त किया और कानूनी रूप से लीबिया पहुंचे। ग्रीस के समुद्रीय जल क्षेत्र में पलटने वाली तीन नावें लीबिया के टोब्रुक बंदरगाह से आई थीं। पहले जहाज में 45 यात्री सवार थे। इनमें से छह पाकिस्तानी थे। दूसरी नाव पर सवार 47 यात्रियों में से पांच पाकिस्तानी थे। तीसरी नाव में सवार 83 यात्रियों में तीन बांग्लादेशी, दो मिस्र, दो सूडानी और 76 पाकिस्तानी शामिल थे। एक नाव से पांच पाकिस्तानियों के शव बरामद हुए। इनमें चार के नाम हैं- सुफियान, रहमान अली, हाजी अहमद और



आबिद। पांचवें की पहचान नहीं हो सकी।

इस बीच प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अधिकारियों को मानव तस्करों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। शहबाज ने अधिकारियों को याद दिलाया कि पिछले साल उसी क्षेत्र में एक अन्य घटना में 262 पाकिस्तानी नागरिकों की जान चली गई थी।

### पाकिस्तान के सुरक्षाबलों ने खैबर पख्तूनख्वा में 11 आतंकवादी मारे

रावलपिंडी। पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने मुल्क के सबसे ज्यादा अशांत खैबर खतूनख्वा प्रांत में तीन अलग-अलग अभियानों में 11 ख्वारिज (आतंकवादी) को मार गिराया। एआरवाई न्यूज ने अपनी खबर में पाकिस्तान सशस्त्र बलों की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के हवाले से यह जानकारी दी। आईएसपीआर के अनुसार, ख्वारिज की मौजूदगी की सूचना पर टैंक जिले में सुरक्षा बलों ने एक खुफिया आधारित ऑपरेशन चलाया। इस दौरान सैनिकों ने उनके ठिकानों पर कब्जा कर सात ख्वारिज मार गिराए। एक अन्य खुफिया आधारित ऑपरेशन उत्तरी वजीरिस्तान जिले के सामान्य क्षेत्र दत्ता खेल में चलाया गया। यहां सुरक्षा बलों ने दो ख्वारिज को गोलियों से छलनी कर दिया। तीसरी मुठभेड़ मोहमंद जिले के सामान्य क्षेत्र ममद गत में हुई। यहां दो ख्वारिज मारे गए। आईएसपीआर के अनुसार, आतंकियों के ठिकानों से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद हुआ है।



# राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस खारिज

नई दिल्ली ■ एजेंसी

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस को उपसभापति हरिवंश ने इस आधार पर खारिज कर दिया कि 14 दिन का नोटिस नहीं दिया गया था और धनखड़ का नाम सही ढंग से नहीं लिखा गया था। इसे विपक्ष के लिए बड़े झटके के रूप में देखा जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी द्वारा सदन में पेश किए गए अपने फैसले में उपसभापति ने कहा कि यह अनुचित कार्य है। इसमें गंभीर खामियां हैं और यह उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए जल्दबाजी में उठाया गया कदम है। सूत्रों ने कहा, महाभियोग नोटिस देश की संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने और मौजूदा उपराष्ट्रपति को बदनाम करने की साजिश का हिस्सा है।

सूत्रों ने बताया कि उपसभापति हरिवंश ने कहा कि देश के दूसरे सबसे बड़े संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के खिलाफ एक नैरेटिव बनाने के लिए यह प्रस्ताव लाया गया था। उन्होंने बताया कि उपराष्ट्रपति के खिलाफ एक नैरेटिव बनाने के लिए एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस भी आयोजित की गई थी। अस्वीकृति के कारणों को बताते हुए हरिवंश ने कहा कि 14 दिन का नोटिस, जो इस तरह के प्रस्ताव को पेश करने के लिए अनिवार्य है, नहीं दिया गया था। उन्होंने कहा कि धनखड़ का नाम भी सही ढंग से नहीं लिखा गया था। हालांकि, एक प्रोटोकॉल जिसका सही ढंग से पालन किया गया था, वह यह था कि पिछले



हफ्ते जब प्रस्ताव पेश किया गया था तो उस पर 60 सांसदों के हस्ताक्षर होने चाहिए थे।

संविधान के अनुच्छेद 67(बी) के तहत प्रस्तुत प्रस्ताव का समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने भी समर्थन किया, जो इस संसदीय सत्र के दौरान कई बार कांग्रेस से असहमत रहे हैं। अनुच्छेद में 14 दिन के नियम का उल्लेख है, जिसमें कहा गया है, उपराष्ट्रपति को राज्य परिषद (राज्यसभा) के सभी तत्कालीन सदस्यों के बहुमत से पारित प्रस्ताव और लोकसभा द्वारा सहमति से अपने पद से हटाया जा सकता है लेकिन इस खंड के उद्देश्य के लिए कोई प्रस्ताव तब तक पेश नहीं किया जाएगा, जब तक कि प्रस्ताव पेश करने के इरादे से कम से कम 14 दिन पहले नोटिस न दिया गया हो। उपसभापति ने कहा कि उपरोक्त को देखते हुए इस सूचना को अनुचित कार्य के रूप में माना जाता है, जो कि गंभीर रूप से त्रुटिपूर्ण, स्पष्ट रूप से मौजूदा उपराष्ट्रपति की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए हड़बड़ी और जल्दबाजी में तैयार की गई है। इसका उद्देश्य संवैधानिक संस्था को नुकसान पहुंचाना है। यह खारिज किये जाने योग्य है, इसलिए इसे खारिज किया जाता है।

# एनआईए ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर में तीन अलग-अलग जगहों पर की छापेमारी



बीजापुर ■ एजेंसी

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में तीन अलग-अलग जगहों पर गुरुवार सुबह एनआईए ने छापेमारी की। बताया जा रहा है कि एनआईए को सूचना मिली थी कि कुछ लोगों का नक्सलियों से संबंध है। एनआईए की टीम आज सुबह साढ़े 5 बजे जिले के भैरमगढ़, आवापल्ली और तर्रेम पहुंचकर कुछ लोगों के घरों में छापा मारा है, उनसे पूछताछ किया जा रहा है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। इससे पहले एनआईए की टीम ने नक्सल मामले में ही बीजापुर जिले से नक्सलियों के शहरी नेटवर्क को पकड़ा था। उनसे पूछताछ में कई खुलासे हुए हैं। संभवत¬उसी के आधार पर आज छापा मारा गया है। यह माना जा रहा है कि कार्रवाई केंद्र सरकार के नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने के लिए तय की गई समय सीमा मार्च 2026 का हिस्सा है। उल्लेखनीय है कि एनआईए की टीम ने सप्ताहभर पहले सुकमा जिले में भी छापा मारा था। इसके अलावा सुकमा से लगे पड़ोसी राज्य ओडिशा के मलकानगिरि में भी छापेमार कार्रवाई की गई थी। वहीं नक्सल मामले में कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया गया था।

## गुरदासपुर की सीमावर्ती पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमला

चंडीगढ़। पंजाब के जिला गुरदासपुर की एक पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमला किया गया है। बीते 26 दिन में यह छठी घटना है। बुधवार की रात हुए इस हमले की जिम्मेदारी गुरुवार को खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स ने ली है। इससे पूर्व भी गुरदासपुर व अमृतसर में ग्रेनेड हमले व धमाके की घटनाएं हो चुकी हैं। पुलिस इस मामले में चुप है। जानकारी के अनुसार भारत-पाकिस्तान सीमा से सटे पंजाब के गुरदासपुर जिले के अंतर्गत आते कलानौर कस्बे की बख्शीवाल चौकी पर बीती रात ग्रेनेड फेंका गया। इस धमाके में कोई जनहानि नहीं हुई है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह ग्रेनेड ऑटो में सवार व्यक्ति ने फेंका है। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। गुरुवार को दिन में बख्शीवाल चौकी में आलाधिकारी पहुंचे, लेकिन किसी ने भी हमले को लेकर अधिकारिक बयान नहीं दिया।

# राहुल गांधी के भारत जोड़ो अभियान में 13 संदिग्ध संगठन सक्रिय थे : फडणवीस

मुंबई ■ एजेंसी

मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भारत जोड़ो अभियान में संदिग्ध 13 संगठन सक्रिय रहे हैं। इन संगठनों पर कार्रवाई करने की मांग कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में ही की गई थी। चुनाव जीतने के लिए इस तरह के देशविरोधी कृत्य करने वालों का सहयोग लेना कितना देशहित में इस पर कांग्रेस को विचार करना चाहिए।

मुख्यमंत्री फडणवीस गुरुवार को नागपुर विधानसभा में संबोधन दे रहे थे। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र में पूर्व गृहमंत्री आरआर पाटिल ने शहरी और ग्रामीण इलाकों में लोगों को सरकार विरोध में उकसाने वाले 48 संगठनों की सूची तैयार की थी और तत्कालीन केंद्रीय सरकार को भेजी गई थी। इसी तरह देश के अन्य क्षेत्रों से भी इस तरह की सूची मंगवाई गई थी। इसके बाद 18 फरवरी 2014 को लोकसभा में



तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह सरकार के दौरान 72 फ्रंटल संगठनों के नामों की घोषणा की गई थी। इनमें से सात महाराष्ट्र से हैं। यह सभी राहुल गांधी के भारत जोड़ो अभियान में सक्रिय रहे हैं। इसी तरह पूरे देश के इस तरह के 13 संगठन राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में भी शामिल थे।

देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इसी तरह के लोगों ने ही विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को 17 मांगों की सूची सौंपी थी, जिसे बिना पढ़े स्वीकार किया गया था। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हम आपकी देशभक्ति पर कोई सवाल नहीं उठा रहे हैं, लेकिन हम चुनाव जीतने के लिए किस कंधे का इस्तेमाल कर रहे हैं। उसके बाद कब आपके कंधे का उपयोग किस काम के लिए करेगा, यह सोचना जरुरी है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि यह वो लोग हैं , जो सरकार, संविधान के बारे में युवकों को भडक़ाते हैं। यह सभी विदेशी ताकतों के बल पर देश में अशांति फैलाना चाहते हैं, लेकिन सरकार ने इन पर कड़ी कार्रवाई शुरू की है और यह सभी बचने की जगह तलाश रहे हैं।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि हम तीसरी आर्थिक शक्ति बन रहे हैं। कई देश खुश नहीं हैं। वो देश इस देश में अशांति फैलाना चाहते हैं। इसलिए ऐसे लोगों को अपने कंधे का प्रयोग न कर दें। शायद वे हमारे कंधे का भी इस्तेमाल करने की कोशिश करेंगे, इसलिए हम भी सावधान रहते हैं।

## *उद्योग से इथेनॉल-डीजल, ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन में विविधता लाने का किया आग्रह*

# चीनी उद्योग इथेनॉल-डीजल और ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन में लाए विविधता : गडकरी

*नई दिल्ली ■ एजेंसी*

*केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को चीनी उद्योग से इथेनॉल-डीजल मिश्रण और हरित हाइड्रोजन के उत्पादन में विविधता लाने का आग्रह किया। नितिन गडकरी ने निजी क्षेत्र की भागीदारी सहित इथेनॉल और सीएनजी पंप स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया।*

*केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित होटल ताज महल में चीनी उद्योग के प्रमुख निकाय भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) के दूसरे सालान आम बैठक को वर्चुअल रूप से संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने अपने संबोधन में इथेनॉल और सीएनजी पंप स्थापित करने और निजी क्षेत्र के निवेश की वकालत की।*

*भारतीय चीनी संघ की दूसरे सालाना आम बैठक को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए नितिन गडकरी ने कहा कि जीवाश्म ईंधन के विकल्प के रूप में फ्लेक्स इंजन, इथेनॉल आधारित इंजन और बायोसीएनजी की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि टाटा, मारुति सुजुकी और टोयोटा सहित पांच वाहन निर्माता कंपनियां बाजार में फ्लेक्स इंजन ईंधन कारें लॉन्च करने के लिए तैयार हैं।*



*उन्होंने ट्रैक्टर निर्माताओं से वैकल्पिक ईंधन पर ट्रैक्टरों का निर्माण शुरू करने का आग्रह किया। मंत्री ने बाजार के अवसरों का विस्तार करने के लिए बांग्लादेश, भूटान, नेपाल और श्रीलंका जैसे पड़ोसी देशों को इथेनॉल निर्यात करने की संभावनाओं की जांच करने का सुझाव दिया। गडकरी ने कहा कि मैं जानता हूं कि चीनी बनाना कोई आकर्षक काम नहीं है, लेकिन इसके साथ ही इथेनॉल, सीएनजी, हाइड्रोजन और अन्य उप-उत्पादों के कारण हम उद्योग में उत्पादकता और लाभप्रदता बढ़ा सकते हैं।*

*इससे पहले भारतीय चीनी एवं जैव-ऊर्जा निर्माता संघ इस्मा के अध्यक्ष एम प्रभाकर राव ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत करते हुए चीनी उद्योग की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव संजीव चोपड़ा और इस्मा के उपाध्यक्ष गौतम गोयल तथा इंडस्ट्रीज से जुड़े अन्य वरिष्ठि अधिकारी उपस्थित रहे।*

*उल्लेखनीय है कि भारतीय चीनी मिल संघ देश का एक प्रमुख चीनी संगठन है। यह भारत में सरकारी और निजी चीनी मिलों के बीच एक कड़ी है। इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश में निजी चीनी मिलों के कामकाज और हितों की रक्षा सरकार की अनुकूल और विकासोन्मुखी नीतियों के माध्यम से करना है।*

### *हिसार के आदमपुर में हुए सीवर लाइन घोटाले में दो जेई व एक एसडीओ चार्जशीट*

*ओहिसार। आदमपुर में एक साल से करोड़ों रुपये की लागत से बिछाई जा रही सीवरेज पाइप लाइन में किए गए गड़बड़झाले में जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने आदमपुर के जेई सुरेश ढाका व विकास गोरिया और एसडीओ अंकुश मक्कड़ को चार्जशीट किया है। साथ ही विभाग ने तीनों का यहां से तबादला भी कर दिया है। आदमपुर एसडीओ का चार्ज जसवीर सिंह सौंपा गया है।*

### भदनेर गांव में प्रशासन ने लगाया शिविर, बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए

# शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया

**रायसेन, निप्र।** रायसेन में प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत सांची जनपद के ग्राम भादनेर में गुरुवार को शिविर का आयोजन किया गया। सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने इसका शुभारंभ किया। इस दौरान शिविर स्थल पर कई विभागों ने स्टॉल लगाकर ग्रामीणों के आवेदनों का निराकरण किया। साथ ही 70 साल से ज्यादा आयु के वृद्धजनों के मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बनाए गए।



कार्यक्रम के प्रारंभ में विधायक डॉ. चौधरी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि जनसेवा संबंधी शिकायतों व आवेदनों त्वरित निराकरण करने और सरकार द्वारा समाज के प्रत्येग वर्ग के लिए चलाई जा रहीं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक सुगमता से पहुंचे इसके लिए अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से युवाओं, किसानों, महिलाओं, वृद्धजनों सभी के लिए योजनाएं चलाई जा रही हैं।

19-24 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा: शिविर में कलेक्टर अरविंद दुबे ने बताया कि जिले में 19 से 24 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह के दौरान राष्ट्रव्यापी अभियान ''प्रशासन गांव की ओर'' शुरू किया गया है। जिसमें अधिकारी गांव-गांव पहुंचकर जाकर, नागरिकों के घर जाकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे है। साथ ही शासन की सेवाओं का लाभ दिया जा रहा है।

शिविर में भग्गो बाई और चंदा बाई का बना आयुष्मान कार्ड: प्रशासन गांव की ओर और जनकल्याण शिविर के दौरान 76 वर्षीय भग्गो बाई, 72 साल चंदा बाई और 71 वर्षीय बाबूलाल का मौके पर आयुष्मान कार्ड बनाया गया। आयुष्मान कार्ड बनने के बाद विधायक ने शिविर में तीनों को आयुष्मान कार्ड दिया।

### 'प्रशासन गांव की ओर' शिविर, सरकारी योजनाओं की दी जाएगी जानकारी

*रायसेन जिले में गुरुवार से राष्ट्रव्यापी अभियान ''प्रशासन गांव की ओर'' शुरू किया जा रहा है। इस दौरान 19 से 24 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह के तहत कई ग्राम पंचायतों में शिविर लगेंगे। शिविरों में आमजन को कई सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएंगी। साथ ही योजनाओं के पात्र उम्मीदवारों को आवेदन पत्र भी भरवाए जाएंगे। इस दौरान शिविर में आमजन की तत्काल समस्याओं को सुनकर उनका समाधान भी किया जाएगा। जिला कलेक्टर अरविंद दुबे ने इन शिविरों में भाग लेकर शासन की सेवाओं व योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है। प्रसार कार्यशालाएं आयोजित होंगी इसके साथ ही ग्राम प्रशासन की तरफ से 23 दिसंबर को जिला स्तर पर प्रसार कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।*

### रामलीला महोत्सव का आयोजन जारी, पांचवें दिन हुआ सीता स्वयंवर

# श्रीराम के शिव धनुष तोड़ते ही जयकारों से गूंजा परिसर

**रायसेन, निप्र।** रायसेन में रामलीला मंचन के पांचवें दिन गुरुवार को सीता स्वयंवर की लीला का मंचन किया गया।



मंचन के दौरान भगवान राम ने शिव धनुष तोड़ा तो भगवान परशुराम को गुस्सा आ गया। उन्होंने राज जनक के दरबार में पहुंचकर गुस्से में कहा कि शिव के धनुष तोड़ने की हिम्मत किसने की।दरबार में मौजूद राजा जनक ने भगवान परशुराम को बताया कि उन्होंने अपने बेटी की शादी के लिए स्वयंवर रखा है। इसमें अयोध्या नरेश महाराज दशरथ के पुत्र राम ने यह धनुष तोड़ा है।

इसके बाद लक्ष्मण और परशुराम के बीच संवाद हुआ। लीला की शुरुआत में विश्वामित्र भगवान राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न को लेकर सीता स्वयंवर में जनकपुरी पहुंचते हैं। इसमें देश विदेश के कई राजाओं ने भाग लिया था। लेकिन, उनमें से कोई भी भगवान शिव के धनुष को हिला तक नहीं पाए थे।

श्रीराम ने तोड़ा शिव धनुष: यह देखकर राजा जनक को चिंता सताने लगी की उनकी बेटी सीता के लिए योग्य वर मिल पाएगा या नहीं। इसी बीच वहां मौजूद भगवान श्रीराम ने शिव धनुष तोड़ने के लिए विश्वामित्र से आज्ञा मांगी।

आज्ञा मिलने के बाद उन्होंने धनुष के नजदीक पहुंचकर पहले हाथ जोड़कर प्रणाम किया परिक्रमा की और धनुष को तोड़ दिया। इस दौरान पूरा रामलीला परिसर भगवान श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा।

निकलेगी श्रीराम बारात: बता दें कि, रायसेन की रामलीला में स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाती है। श्रीराम की बारात शुक्रवार को भोपाल रोड चोपड़ा मंदिर से प्रारंभ होगी जो पुराने शहर से होती हुई रामलीला मैदान पहुंचेगी।

## संक्षिप्त समाचार



### प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**विदिशा।** केन बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना की जानकारियां देने के उद्धेश्य से जनसम्पर्क विभाग द्वारा तैयार कराया गया एक प्रचार रथ विदिशा जिले को प्राप्त हुआ है। जो कुरवाई विधानसभा क्षेत्र के कैन बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना में सम्मिलित कोठा बैराज से लाभांवित होने वाले 83 गांव में भ्रमण कर नागरिकों, किसानो के मध्य केन बेतवा लिंक परियोजना से होने वाले फायदो को रेखांकित करेगा। कुरवाई एसडीएम श्री मनोज कुमार प्रजापति व स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। रथ में संधारित बडी साइज की एलईडी पर तैयार की गई डाक्यूमेंट्री फिल्मों का प्रदर्शन गांव-गांव में किया जाएगा।

### निर्माण कार्यो की समीक्षा, अब प्रत्येक माह के अंतिम गुरूवार को आयोजित होगी

**विदिशा।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने निर्माण कार्यो को क्रियान्वित कराने वाले विभागो की संयुक्त बैठक आयोजित कर विभागवार संपादित किए जाने वाले निर्माण कार्यो की अद्यतन जानकारियां ली। जिसमें मुख्य रूप से सडको, भवनो, पुल-पुलियों का निर्माण शामिल है। कलेक्टर सिंह ने मासिक निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक में मध्यप्रदेश ग्रामीण सडक विकास प्राधिकरण परियोजना एक एवं दो के तहत संपादित किए जा रहे कार्यो के संबंध जानकारी दी गई। मध्यप्रदेश सडक विकास निगम भोपाल संभाग के अंतर्गत विदिशा जिले की प्रगतिरत सडको के कार्यो, बंटीनगर से अंहिसा बिहार नगर पर फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण, बासौदा गुरोद सोमवारा, ऐंचदा, इमलानी, सिरोंज सडक के निर्माण कार्य की अद्यतन प्रगति तथा नेशनल हाईवे सडको के रख-रखाव तथा नवीन सडको का निर्माण कार्य और लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग भोपाल के द्वारा विदिशा जिले में संपादित किए जा रहे पुल-पुलियों के निर्माण कार्यो की समीक्षा की गई है।

### सफलता की कहानी, शिविर में 84 वर्षीय बटई सिंह का आयुष्मान कार्ड बना

**विदिशा।** सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर अभियान अंतर्गत आज पुरनपुरा के वार्ड नंबर 37 में रहने वाले 84 वर्षीय श्री बटई सिंह का आयुष्मान कार्ड बन गया है। इसके लिए वयोवृद्ध हितग्राही बटई सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी के साथ-साथ जिला प्रशासन द्वारा क्रियान्वित कार्यो की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया है। सुशासन सप्ताह अंतर्गत म.प्र. शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में जिला प्रशासन विदिशा द्वारा पूरनपुरा चैराहा पर शिविर का आयोजन किया गया था। उक्त शिविर में 70 प्लस आयु के नागरिकों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए जा रहे थे। जानकारी लगते ही आयुष्मान भारत योजना तहत आयुष्मान कार्ड बनवाए जाने के लिए हितग्राही श्री बटई सिंह शिविर में जा पहुंचे।

### सांची में स्तूप प्रबंधक ने शिव मंदिर से उतरवाए झंडे, पुजारी बोले

# पूजा करने से भी रोकते हैं प्रबंधक, हिन्दू संगठन ने थाने पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

**रायसेन, निप्र।** सांची स्तूप परिसर में प्राचीन शिव मंदिर और भेरों बाबा के मंदिर से स्तूप प्रबंधक संदीप ने झंडों और सामान को बाहर फेंकवा दिया। घटना से नाराज हिंदू संगठन इकठ्ठा होकर सांची थाने पहुंचे यहां तहसीलदार व थाना प्रभारी नितिन अहिरवार को ज्ञापन देकर संदीप मेहतो के विरुद्ध मामला दर्ज करने की मांग की।



मंदिर पुजारी ओमप्रकाश मेहरा का कहना है कि संदीप मेहतो जब से आए हैं, तभी से मुझे बहुत परेशान करते हैं। लोग मंदिर परिसर में गंदगी फेंकते हैं और जूते पहनकर घूमते हैं।

स्तूप प्रबंधक संदीप मेहतो उन्हें पूजा करने से भी रोकते हैं। हिन्दू संगठनों ने प्रशासन से संदीप मेहतो के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# कन्या महाविद्यालय में टेक्निकल क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ

**विदिशा, निप्र।** राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या महाविद्यालय के मानक क्लब एवं भारतीय मानक यूरो भोपाल द्वारा गुरुवार को महाविद्यालय में टेक्निकल क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 32 मानको क्लब के सदस्यों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर नीता पांडे ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए छात्रों को गुणवत्तापूर्ण बीआईएस मार्क वाले ही सामान का प्रयोग करने के लिए कहा एवं जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता को प्राप्त करने का संदेश दिया। मानक क्लब मैटर श्री राम आशीष यादव ने बीआईएस द्वारा वस्तुओं की गुणवत्ता से संबंधित मानक चिन्हो के जैसे हॉलमार्क , आईएसआई, सीआरएस इत्यादि मानक चिन्हो के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस प्रतियोगिता में कुमारी प्रशस्ति सक्सेना को प्रथम मुस्कान कुशवाहा को द्वितीय भूमिका जैन को तृतीय एवं नीता सूर्यवंशी को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। विजेताओं को भारतीय मानक ब्यूरो भोपाल की सहयोग से प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया तथा सभी प्रतियोगियों को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर नीता दीक्षित, डॉक्टर ज्योति मिश्रा, प्रोफेसर सविता सोनी, डॉक्टर राजूला अल्बर्ट, जोनू यादव एवं रवि रंजन मौजूद रहे। महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ. विनीता प्रजापति ने कार्यक्रम में शामिल सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस कार्यक्रम के आयोजन में कुमारी अभिलाष साहू, अरुण शर्मा एवं गर्जेद्र राजपूत का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# दस ग्रामों में विभिन्न संसाधनों के माध्यम से प्रचार प्रसार

**विदिशा, निप्र।** केन बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना से लाभांवित होने वाले ग्रामो में शासन की मंशा के अनुसार हर स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाना सुनिश्चित किया गया है विदिशा जिले की कुरवाई विधानसभा क्षेत्र के 83 गांव उक्त परियोजना से लाभांवित हो रहे है इन गांवो में विभिन्न संसाधनो के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है जिसमे मुख्य रूप से जनजागरूकता रैली, कलश यात्राएं, स्कूलो में विद्यार्थियों के मध्य निबंध, भाषण सहित अन्य प्रतियोगिताओ के माध्यम से संदेशो का सम्प्रेषण किया जा रहा है। कोठा बैराज परियोजना के प्रशासक आलोक खरे ने बताया कि गुरूवार को दस ग्राम क्रमशः कुल्हार, खडाखेडी, कोठा, नवारा, सिरावली, हरसदूखेडी, भैसवाया, भर्री काछीकुम्हारिया, सरखडी में कलश यात्रा तथा नुक्कड नाटक भजन मण्डली विद्यालयो में जल पर केन्द्रित चित्रकला प्रतियोगिता निबंध प्रतियोगिता व जनसम्पर्क कर परियोजना से होने वाले लाभो और जल की महत्वता से किसानबंधुओं को अवगत कराया गया है।



### मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**विदिशा।** आईटीसी मिशन सुनहरा कल एवं एनसीएचएसई संस्था द्वारा आज किसान कल्याण एवं कृषि विभाग के समस्त अधिकारियों को जिले में कृषि एवं जलवायु आधारित कृषि के चार घटको पर पर एक दिवसीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला पंचायत के सभागार में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में आईटीसी मिशन सुनहरा कल के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी नीलेश पाटकर द्वारा चारों घटकों जलवायु आधारित खेती, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन , आजीविका के विभिन्न आयाम, संस्थागत सहयोग एवं विकास को विस्तार से समझाया गया।

### पीएम श्री सेंट्रल स्कूल में मनाया वार्षिक खेल दिवस

# छात्र-छात्राओं ने लिया 100 और 50 मीटर दौड़ में भाग, ताइक्वांडो का प्रदर्शन किया

**रायसेन, निप्र।** रायसेन के दशहरा मैदान स्थित पीएम श्री केंद्रीय स्कूल में गुरुवार को वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्कूल परिसर में धीमी साइकिल रेस, 100 और 50 मीटर दौड़ सहित अन्य प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्कूल के स्टूडेंट्स ने ताइक्वांडो का प्रदर्शन किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा विभाग की सहायक संचालक मोनिका पटेल ने किया। इस दौरान विशेष अतिथि मेघा आर रूद्र, दिनेश दिवाकर वरिष्ठ कोच मौजूद थे। प्राचार्य आरके रूद्र ने अतिथियों का स्वागत किया।

स्कूल के खेल शिक्षक आशुतोष शर्मा, कोच महेंद्र के निर्देशन में विभिन्न क्रीडा प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिता में सभी विजेताओं को मेडल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक अवधेश नायक, प्रधानाध्यापक अविनाश और अन्य शिक्षक, छात्र उपस्थित थे।

### बरेठ रेलवे स्टेशन पर किया गया निरीक्षण

**बरेठ [ गंजबासौदा ], निप्र।** बरेठ रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को सुरक्षा व्यवस्था की जांच करने रेलवे सुरक्षा अधिकारी (पीसीएसओ) के साथ अन्य अधिकारियों की टीम पहुँची। जांच दल ने करीब एक घंटे तक रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था की बारीकी से जांच की गई। रेलवे सुरक्षा अधिकारी (पीसीएसओ) प्रवीण कुमार खुराना ने बैटरी रूम रिले रूम सहित अन्य उपकरणों की भी जांच की। जांच के दौरान स्टेशन प्रबंधक मौके पर मौजूद रहे जिन्होंने रेलवे सुरक्षा अधिकारी को सुरक्षा संबंधी सहित रेलवे स्टेशन की अन्य व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। रेलवे कर्मचारियों से प्राप्त जानकारी के पीसीएसओ प्रवीण खुराना द्वारा रेलवे स्टेशन परिसर में साफ सफाई की व्यवस्था के साथ-साथ रेलवे रिकॉर्ड का भी अवलोकन किया।

### सुशासन सप्ताह का शुभांरभ

# जिले में विशेष ख्याति दर्ज हो - कलेक्टर

**विदिशा, निप्र।** भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिलो में 19 दिसम्बर से सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम का शुभांरभ हुआ है। वीडियो कांफेंसिग के माध्यम से प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने प्रदेश में सुशासन सप्ताह के तहत संपादित किए जाने वाले कार्यो के संबंध में विस्तारपूर्वक दिशा निर्देश दिए। गौरतलब हो कि 24 दिसम्बर तक चलने वाले इस अभियान के दौरान सीएम हेल्पलाइन प्रकरण, राजस्व महाभियान के प्रकरणो का निराकरण जनसुनवाई तथा जन शिकायत के प्रकरणो का निराकरण करके भारत सरकार के पोर्टल पर अद्यतन जानकारियां दर्ज की जानी है। वहीं अवधि के दौरान विभागीय उपलब्धियों, हितग्राहीमूलक योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों पर आधारित सफलता की कहानियां तथा जनकल्याण के कार्यो को भी पोर्टल पर दर्ज कराया जाना है। पोर्टल पर सभी जिलो से प्रकरणो के निराकरण के संबंध में तथ्य परख रिपोर्ट दर्ज की जानी है। सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर अभियान तहत आठ बिन्दुओं का शत प्रतिशत क्रियान्वयन किया जाना है जिसमें सीपी ग्राम में दर्ज शिकायतो,सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई प्रकरणो के साथ-साथ सुशासन से जुडे लोक सेवा गारंटी अभियान, समाधान एक दिन, सीएम हेल्पलाइन पोर्टल तथा अन्य ऑन लाइन शिकायते दर्ज करने और निराकरण की अद्यतन जानकारियां सम्मिलित है।




### मोडिफाइड साइलेंसर पर चला रोड रोलर

# पुलिस ने 100 साइलेंसर जब्त किए, बेवजह शोर फैलाने वालों को चेतावनी

**विदिशा, निप्र।** विदिशा में पुलिस ने गुरुवार को ध्वनि प्रदूषण करने वाले बुलेट के मोडिफाइड साइलेंसर पर रोड रोलर चढ़ाकर नष्ट कर दिया। यातायात पुलिस लगातार सघन चेकिंग अभियान चला रही है। चेकिंग के दौरान ध्वनि प्रदूषण करने वाले बुलेट गाड़ी के मोडिफाइड साइलेंसर को जब्त किए थे। जिनके ऊपर आज नीमताल चौराहे पर रोड रोलर चलाया गया।



41 मोडिफाइड साइलेंसर पर चला रोड रोलर: सीएसपी अतुल सिंह ने बताया कि दो सप्ताह में 100 से अधिक बुलेट मोटर साइकिल के मोडिफाइड साइलेंसर को जब्त किया गया था। आज 41 मोडिफाइड साइलेंसर पर रोड रोलर चलाया गया। इसके साथ ही लोगों को चेतावनी दी कि कोई वाहन चालक मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर सड़क पर नजर आएगा तो उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### स्कूलों में बैग लैस डे की शुरुआत

# 6वीं से 8वीं के स्टूडेंट्स व्यावहारिक ज्ञान से जुड़ी गतिविधियां सीख रहे

**मंडीदीप, निप्र।** शासकीय स्कूलों में अब महीने में एक दिन बच्चों को स्कूल बैग से छुटकारा मिल गया है। स्कूल शिक्षा विभाग की इस योजना का लाभ अब बच्चों को मिलने लगा है। स्कूलों में एक दिन बच्चे किताबी ज्ञान के पढ़ाई के अलावा विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक और व्यावहारिक ज्ञान से जुड़ी गतिविधियां सीख रहे हैं।

ओबेदुल्लागंज ब्लॉक के चिकलोद जन शिक्षा केंद सहित अन्य स्कूलों में बैग लैस डे की शुरुआत हो चुकी है। ब्लॉक स्रोत समन्वयक सतीश कुशवाह ने बताया कि कक्षा 6वीं से 8वीं तक पढ़ने वाले बच्चों का समग्र विकास हो। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने एक महीने में एक दिन बैगलेस-डे घोषित किया है। शैक्षणिक सत्र में में कुल 10 बैग लैस डे होंगे। विद्यालयों में प्रचार्य अपनी सुविधा अनुसार एक्टिविटी के लिए दिन चुन सकेंगें।





स्कूल शिक्षा नीति में भी है ये प्रावधान: जिला शिक्षा अधिकारी डीडी रजक ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में यह प्रावधान रखा गया है कि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे 21वीं सदी के कौशल से परिचित हो सकें। इसके लिए कक्षा-6 से 8 तक के स्कूल के बच्चों के लिए प्रत्येक महीने में न्यूनतम एक शनिवार को बस्ते-विहीन दिवस का आयोजन किया जाएगा। इन दिवसों में विद्यार्थियों को व्यावहारिक कौशल की जानकारी दी जाए। बैगलेस-डे के लिए शाला के प्राचार्य और शिक्षकों को चर्चा कर गतिविधियों का कैलेन्डर तैयार करने के लिए भी कहा गया है।

### बैगलेस-डे में यह होंगीं गतिविधियां

राज्य शिक्षा केन्द्र ने बैगलेस-डे में होने वाली गतिविधियों के संबंध में भी दिशा-निर्देश जारी किये हैं। ऑर्ट और क्रॉफ्ट में बच्चों के बीच में ड्राइंग, पेंटिंग, मिट्टी के खिलौनों का निर्माण, मुखौटे, डॉल-मेकिंग और अनुपयोगी सामग्री से वस्तुओं का निर्माण प्रमुख है। साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में बच्चों के बीच लोकगीत-नृत्य, लघु नाटिका, कविता पाठ, कहानी लेखन गतिविधियां की जाए।

### युवक ने की आत्महत्या की कोशिश

# दोस्त के धोखे से परेशान होकर खाया जहर, हालत स्थिर, पुलिस जांच में जुटी

**विदिशा, निप्र।** विदिशा के पुरनपुरा इलाके में एक युवक ने अपने दोस्त की धोखेबाजी से परेशान होकर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की कोशिश की। युवक की गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।

35 वर्षीय जितेंद्र गोस्वामी ने सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पास: हरीला पदार्थ खा लिया। सिविल लाइन थाना प्रभारी शहवाज खान के अनुसार, पुलिस कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए जितेंद्र को जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है और उसकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है।

बैंक में गिरवी रखा 3 तोला बेच दिया- जितेंद्र: जितेंद्र ने बताया कि दोस्त मयूर राजपूत के आर्थिक तंगी से जूझते समय जितेंद्र ने उसकी मदद की थी। उसने अपनी पत्नी के जेवर मयूर के नाम पर बैंक में गिरवी रखकर पैसे दिए थे और बैंक का ब्याज भी चुका रहा था। लेकिन जब जितेंद्र बैंक गया, तो बैंक मैनेजर ने उसे बताया कि मयूर ने तीन तोला सोने का हार निकालकर बेच दिया है। जब जितेंद्र ने मयूर से इसका कारण पूछा, तो उसने बात घुमा दी।

## संक्षिप्त समाचार

### अंतिम ग्यारह में जगह मिलने का भरोसा दिये जाने पर ही ऑस्ट्रेलिया गये थे अश्विन

**मुम्बई।** अनुभवी स्पिनर आर अश्विन के अचानक लिए संन्यास से सभी हैरान हैं। अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के ड्रॉ होने पर खेल को अलविदा कह दिया था। वहीं अब एक रिपोर्ट से सामने आया है कि अश्विन अंतिम ग्यारह में जगह मिलने का भरोसा दिये जाने पर ही ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाने के लिए तैयार हुए थे। वहीं अब उन्हें दो मैचों से बाहर रखा गया तो उन्होंने खेल को अलविदा कहना तय कर लिया। अश्विन को शायद यह संकेत मिल गया था कि उन्हें बाकी दो बचे मैचों में भी मौका नहीं मिलने वाला है, इसलिए उन्होंने तीसरे टेस्ट के बाद ही यह फैसला ले लिया है। न्यूज़ीलैंड के खिलाफ मिली 0-3 से हार के बाद से ही संन्यास का विचार उनके दिमाग में था। रिपोर्ट में कहा गया है कि अश्विन, जिन्होंने 106 टेस्ट मैचों में 537 विकेट लेकर अपना करियर समाप्त किया।

### पुजारा और रहाणे के लिए अभी बंद नहीं हुए टीम के दरवाजे: रोहित

**ब्रिसबेन।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा ने अभी संन्यास नहीं लिया है। ऐसे में इन लोगों के लिए टीम के दरवाजे अभी खुले रहेंगे। रोहित ने कहा कि अभी केवल आर अश्विन ने ही संन्यास की घोषणा की है। अश्विन के संन्यास को लेकर जब उनसे पूछा गया कि एक के बाद एक अपने साथी खिलाड़ियों से बिछड़ना कैसा लगता है तो रोहित ने कहा कि खिलाड़ियों का आना जाना खेल का हिस्सा भर है और वह अधिकांश खिलाडियों के संपर्क में हैं। साथ ही कहा कि हमने साथ में इतना खेला है कि इसलिए उनकी कमी खलने खलती है।

### भारतीय टीम उत्साहित होकर मेलबर्न पहुंची

**मेलबर्न।** भारतीय क्रिकेट टीम मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉक्सिंग डे से होने वाले चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए यहां पहुंच गयी है। अभी तक ये सीरीज 1-1 से बराबरी पर है। पहला टेस्ट भारतीय टीम ने जीता था जबकि दूसरा मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने जीता। मेलबर्न क्रिकेट मैदान (एमसीजी) पिछले एक दशक से भारतीय टीम के लिए अच्छा साबित हुआ है और एक प्रकार से घरेलू मैदान की तरह ही बन गया है। भारतीय टीम ने पिछले एक दशक में यहां 3 टेस्ट मैच खेले हैं। इनमें से उसे दो में जीत मिली है जबकि मेजबान टीम एक भी मैच नहीं जीती है। दोनों टीमें अब 26 दिसंबर से ही यहां खेलेंगी।

### आईसीसी मीटिंग में फैसला, चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के सभी मैच न्यूट्रल वेन्यू पर होंगे

# भारत-पाकिस्तान की टीमें एक-दूसरे के देश में नहीं खेलेंगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान की टीमें एक-दूसरे के देश में जाकर क्रिकेट नहीं खेलेंगी। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत के सभी मैच न्यूट्रल वेन्यू पर खेले जाएंगे। पाकिस्तानी टीम भी 2027 तक किसी भी टूर्नामेंट के लिए भारत नहीं आएगी। उसके मैच भी न्यूट्रल वेन्यू पर होंगे।

आईसीसी की इस फैसले की जानकारी गुरुवार को सामने आई। मीटिंग में यह फैसला पहले ले लिया गया था। भारत में 2025 विमेंस वनडे वर्ल्ड कप, 2026 में टी-20 वर्ल्ड कप भारत और श्रीलंका में होना है।

इससे पहले जब द्रुष्टष्ट ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को हाइब्रिड मॉडल में कराने की बात पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को बताई थी, तब डब्ल्यूपीसी ने आईसीसी के सामने भारत में टीम न भेजने की मांग रखी थी, जिसे अब आईसीसी ने मान लिया है। 2028 विमेंस वर्ल्ड कप पाकिस्तान में आईसीसी बोर्ड ने कन्फर्म किया कि विमेंस वर्ल्ड कप 2028 पाकिस्तान में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में भी भारतीय और पाकिस्तान की महिला टीम के मैच न्यूट्रल वेन्यू पर खेले जाएंगे।

सभी 15 मेंबर्स हाइब्रिड मॉडल के लिए माने आईसीसी के नए चेयरमैन जय शाह की मौजूदगी



में 5 दिसंबर को सभी बोर्ड मेंबर्स की मीटिंग हुई थी। शाह इसी महीने दुबई स्थित हेडक्वार्टर भी पहुंचे थे। मीटिंग में सभी 15 बोर्ड मेंबर्स हाइब्रिड मॉडल के लिए मान गए। पाकिस्तान ने भी मीटिंग में फैसले का विरोध नहीं किया। पीसीबी ने भारत के साथ ट्राई सीरीज कराने की मांग की पीसीबी ने भविष्य में भारत के साथ किसी न्यूट्रल वेन्यू पर ट्राई सीरीज कराने की मांग की, लेकिन बीसीसीआई और आईसीसी दोनों ने इस पर हामी नहीं भरी। भारत और पाकिस्तान के बीच 2012 से कोई सीरीज नहीं हुई है, दोनों टीमें आईसीसी और एसीसी टूर्नामेंट में ही भिड़ीं हैं।

भारत में कोई टूर्नामेंट हो तो उसके मैच भी न्यूट्रल वेन्यू पर हों पाकिस्तान की यह मांग आईसीसी ने मान ली है। अब भारत में कोई टूर्नामेंट होगा तो पाकिस्तानी टीम के मैच भी न्यूट्रल वेन्यू पर होंगे। हालांकि बीसीसीआई ने पहले कहा था कि भारत में सिक्योरिटी को लेकर कोई परेशानी नहीं है, इसलिए पाकिस्तान के मैच न्यूट्रल वेन्यू पर न हों। चैंपियंस ट्रॉफी के 5 मैच पाकिस्तान से छीने गए, पीसीबी ने इसके लिए कॉम्पेनसेशन भी मांगा, इस डिमांड को आईसीसी ने पहले ही मान लिया था।

भारत के ग्रुप में नहीं रहना चाहता पाकिस्तान पीसीबी ने यह भी डिमांड रखी कि अगर भारत न्यूट्रल वेन्यू पर ही खेलना चाहता है तो पाकिस्तान को उसके ग्रुप से अलग कर दिया जाए, ताकि पाकिस्तान अपने सभी ग्रुप मैच होम ग्राउंड पर ही खेले, लेकिन आईसीसी और बीसीसीआई के साथ ब्रॉडकास्टर्स ने भी उनकी इस मांग का विरोध कर दिया, क्योंकि किसी भी टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान मैच ब्लॉकबस्टर इवेंट की तरह रहता है। चैंपियंस ट्रॉफी में दोनों टीमें 1 मार्च को दुबई में भिड़ सकती हैं। फाइनेंशियल ईयर का रेवेन्यू बढ़ाया जाए पीसीबी चाहता है कि उसके फाइनेंशियल ईयर का रेवेन्यू 5.75 परसेंट से बढ़ाया जाए। साथ ही 2031 तक भारत में होने वाले सभी बड़े इवेंट हाइब्रिड मॉडल में ही हों। फैसले में देरी क्यों हुई शुरुआत में भारत ने इस टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजने से इनकार कर दिया था। पाकिस्तान पहले तो इस बात पर अड़ा रहा कि भारत को पाकिस्तान आना ही होगा, लेकिन भारत के सख्त रुख के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड आखिरकार हाइब्रिड मॉडल के लिए तैयार हो गया है।



### फ्री स्टाइल ट्रायल कुश्ती में 8 महिला पहलवान आयी प्रथम

**वाराणसी, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के समन्वय से 25 से 27 दिसंबर, 2024 तक मऊ जनपद में जूनियर बालिका राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस कुश्ती का ट्रायल आज वाराणसी में डॉक्टर संपूर्णानंद स्पोर्ट्स कंपलेक्स, सिगरा, वाराणसी में किया गया। सभी महिला पहलवान वाराणसी का प्रतिनिधित्व करेगी।

बालिका फ्रीस्टाइल जूनियर वर्ग 50 किलो में रेशमा यादव, 53 किलो में सृष्टि यादव, 55 किलो में प्रिया, 57 किलो में अर्चना प्रजापति, 59 किलो में खुशबू कुमारी, 62 किलो में संतोषी राजभर, 65 किलो में अनु पाल, 68 किलो में अर्पिता कुमारी नें प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का मण्डल स्तरीय ट्रायल संपूर्णानन्द स्पोर्ट्स कंपलेक्स सिगरा, वाराणसी में 20 दिसंबर,2024 को किया जाएगा।

## राष्ट्रीय शालेय रग्बी प्रतियोगिता में चार खिलाड़ियों का चयन




**पिपरिया, निप्र।** शासकीय सीएम राइज राज स्कूल पिपरिया के चार खिलाड़ियों चयन मध्य प्रदेश की टीम में हुआ। प्रतियोगिता बिहार प्रदेश के पटना में 23 दिसंबर से 28 दिसंबर तक आयोजित होगी जिसमें खिलाड़ी मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शालेय रग्बी प्रतियोगिता जो कि बिहार के पटना में आयोजित होगी जिसमें जिला नर्मदापुरम के शासकीय सी एम राइज आर एन ए स्कूल के चार खिलाड़ियों का चयन मध्यप्रदेश टीम में किया गया है। खिलाड़ियों का चयन इंदौर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर किया गया है। अंडर 19 आयु वर्ग बालक में राघवेंद्र अहिरवार, बालिका वर्ग में प्रिया मवासी, अंडर 17 आयु वर्ग में बालिका आकांक्षा नायर, बालक में निलेश अहिरवार का चयन किया गया है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर संयुक्त संचालक लोक शिक्षण नर्मदापुरम श्रीमति भावना दुबे, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस पी एस बिसेन, संभागीय क्रीड़ा अधिकारी श्री गजेंद्र सुराजिया ,जिला क्रीड़ा अधिकारी वंदना रघुवंशी, विकास खंड शिक्षा अधिकारी एस एल रघुवंशी, प्राचार्य सीएम राइस आर एन ए स्कूल संजीव दुबे,बीआरसी प्रदीप कुमार शर्मा,विकासखंड खेल प्रभारी अरविंद कुमार शर्मा, खेल शिक्षक उमेश बरैया, खेल समन्वयक प्रीतम सिंह पुर्विया, प्रशिक्षक सचिन पुर्विया, रेणुका कन्नौजिया, जिला रग्बी संघ नर्मदापुरम के सभी पदाधिकारी एवं शाला परिवार और नगर के वरिष्ठ खिलाडियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### 2 ही मैच बाकी, साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के पास हैं ज्यादा मौके

# डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए भारत को चाहिए 2 जीत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच ब्रिस्बेन में तीसरा टेस्ट ड्रॉ हो गया। इस नतीजे के बाद दोनों के बीच 5 मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप पॉइंट्स टेबल में ऑस्ट्रेलिया नंबर-2 और भारत नंबर-3 पर कायम है। साउथ अफ्रीका पहले नंबर पर है। भारत को अपने दम पर फाइनल में पहुंचने के लिए बचे हुए दोनों मैच जीतने ही होंगे। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया 4 में से 3 मैच जीत ले तो टॉप-2 में फिनिश कर जाएगा। वहीं, साउथ अफ्रीका को पाकिस्तान के खिलाफ 2 टेस्ट में एक ही जीत की जरूरत है। भारत तीसरे नंबर पर, 2 जीत चाहिए ब्रिस्बेन में ड्रॉ खेलने के बाद भी भारत के डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें जिंदा हैं। भारत के 17 मैचों में 9 जीत, 6 हार और 2 ड्रॉ से 114 पॉइंट्स हैं। टीम पर 2 पॉइंट्स की पेनल्टी लगी थी, इसलिए फिलहाल 55.88त्न पॉइंट्स के साथ उसकी पोजिशन नंबर-3 है। भारत के अब 2 मैच ऑस्ट्रेलिया से ही मौजूदा सीरीज में बाकी है। टीम एक भी मैच हारी तो फाइनल की रेस से बाहर हो जाएगी।

सीरीज 3-1 से भारत जीते, 60.53त्न पॉइंट्स- टीम इंडिया क्वालिफाई हो जाएगी। सीरीज 2-1 से भारत जीते, 57.02त्न पॉइंट्स- ऑस्ट्रेलिया टीम श्रीलंका में 1-0 से जीते या साउथ अफ्रीका टीम पाकिस्तान से 0-1 से हार जाए।

सीरीज 2-2 से ड्रॉ, 55.26त्न पॉइंट्स- ऑस्ट्रेलिया टीम श्रीलंका में 0-1 से हारे या साउथ अफ्रीका पाकिस्तान से 0-2 से हार जाए। सीरीज 1-1 से ड्रॉ, 53.51त्न पॉइंट्स- साउथ अफ्रीका 2-0 से हारे या ऑस्ट्रेलिया टीम श्रीलंका में 0-1 से हारे या 0-0 से ड्रॉ खेले। अगर श्रीलंका 2-0 से जीत गया तो भारत बाहर हो जाएगा।



## व्यापार समाचार

### भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते के तहत रोजगार सृजन और विकास के अवसरों पर चर्चा

# भारत ब्रिटेन के लिए एक महत्वपूर्ण साझेदार है और हम संबंधों को और मजबूत करेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नई दिल्ली स्थित ब्रिटिश उच्चायोग की ओर से जारी बयान के अनुसार, भारतीय निवेशकों और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों ने प्रस्तावित भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते के तहत रोजगार सृजन और विकास के अवसरों पर चर्चा करने के लिए वरिष्ठ कैबिनेट मंत्रियों से भी मुलाकात की। बयान के अनुसार ब्रिटिश पीएम स्टार्मर ने नए वर्ष की शुरुआत में मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत फिर से शुरू करने की पुष्टि की है। आइए इस बारे में और जानें। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने लंदन स्थित अपने आधिकारिक आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट में 13 भारतीय कंपनियों के प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी की। ब्रिटिश सरकार ने मुलाकात को द्विपक्षीय साझेदारी बढ़ाने और निवेश प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए एक सुव्यवस्थित पहल बताया।

बुधवार को यह मुलाकात पिछले महीने जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ स्टार्मर की बैठक के बाद हुई। सम्मेलन के दौरान दोनों नेताओं ने आर्थिक विकास, सुरक्षा व रक्षा, प्रौद्योगिकी, जलवायु, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग के अवसरों के साथ एक



महत्वाकांक्षी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई थी।

नई दिल्ली स्थित ब्रिटिश उच्चायोग की ओर से जारी बयान के अनुसार, भारतीय निवेशकों और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों ने प्रस्तावित भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते के तहत रोजगार सृजन और विकास के अवसरों पर चर्चा करने के लिए वरिष्ठ कैबिनेट मंत्रियों से भी मुलाकात की। बयान के अनुसार ब्रिटिश पीएम स्टार्मर ने नए वर्ष की शुरुआत में मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत फिर से शुरू करने की पुष्टि की है।

स्टार्मर ने व्यापारिक बैठक के संदर्भ में कहा, भारत ब्रिटेन के लिए एक महत्वपूर्ण साझेदार है और हम अपने पहले से ही मजबूत संबंधों को और मजबूत करते हुए, साथ मिलकर और अधिक अवसरों का लाभ उठाने की महत्वाकांक्षा रखते हैं।

उन्होंने कहा, मुझे भारत के कुछ वरिष्ठतम व्यापारिक नेताओं का डाउनिंग स्ट्रीट में स्वागत करते हुए तथा आर्थिक विकास और नवाचार पर ब्रिटेन के महत्वाकांक्षी फोकस को रेखांकित करते हुए खुशी हो रही है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की ओर से समर्थित प्रतिनिधिमंडल ने राजकोष के चांसलर रेचेल रीव्स और विदेश सचिव डेविड लैमी के साथ संबंधों को गहरा करने पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल ने किया, जिसने इस साल बीटी ग्रुप में एक बड़ा निवेश पूरा किया है।

मित्तल ने कहा, यह व्यापार प्रतिनिधिमंडल एक महत्वपूर्ण क्षण पर आ रहा है, क्योंकि भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है और 2027 तक 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है।

### अजित पवार ने केंद्र को पत्र लिखकर की मांग

# प्याज पर 20 फीसदी निर्यात शुल्क हटाएं..

**नागपुर, एजेंसी।** उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर महाराष्ट्र के प्याज किसानों का मुद्दा उठाया है। उन्होंने केंद्र से अनुरोध प्याज पर 20 फीसदी निर्यात शुल्क को हटाने का आग्रह किया।

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने गुरुवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार से अनुरोध किया कि वह प्याज के निर्यात पर 20 फीसदी शुल्क हटा दे, ताकि प्याज उगाने वाले किसानों को राहत मिल सके। पवार ने केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को पत्र लिखा है और नासिक जिले के किसानों का मुद्दा उठाया है। नासिक बड़ी मात्रा में प्याज का उत्पादन होता है।

पत्र में अजित पवार ने लिखा, यहां (नासिक में) उगाए गए प्याज अन्य राज्यों में बड़े पैमाने पर निर्यात किए जाते हैं। गर्मी के सीजन का प्याज खत्म हो चुका है और इसकी ताजा फसल महाराष्ट्र के विभिन्न कृषि उत्पाद बाजार समितियों में पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा, प्याज की बड़ी मात्रा आने के कारण किसान अब परेशान हैं, क्योंकि उन्हें अपनी उपज बहुत कम कीमत पर बेचनी पड़ रही है। इसके कारण उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा, किसान प्याज को औसदन 2,400 रुपये प्रति क्विंटल बेच रहे हैं।

पवार ने कहा, अनियमित बारिश और बदलते मौसम ने पहले प्याज किसानों की आय में भारी



कमी की है। उप मुख्यमंत्री नागपुर में महाराष्ट्र विधानसभा के शीतकालीन सत्र में शामिल होने के लिए आए हैं। उन्होंने कहा, अगर किसानों को उत्पादन लागत से कम कीमत पर प्याज बेचना पड़ा, तो उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि विदेश में महाराष्ट्र से प्याज की बड़ी मांग है। महाराष्ट्र देश का सबसे बड़ा प्याज उत्पादक राज्य है और नासिक जिले के लासलगांव में एशिया का सबसे बड़ा प्याज का थोक बाजार है।

पत्र में उन्होंने कहा, केंद्र ने प्याज के निर्यात पर 20 फीसदी शुल्क लगा रखा है, जिससे राज्या का यह मुख्य उपभोक्ता उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रतिस्पर्धा नहीं कर पा रहा है। उन्होंने कहा, 20 फीसदी शुल्क हटाने से किसान राहत महसूस करेंगे और अपने नुकसान की कुछ भरपाई कर पाएंगे।

### इंदौर में देश के सबसे बड़े म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स का सम्मेलन

**इन्दौर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में स्थानीय ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर, इंदौर में आज 20 दिसंबर 2024 को म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन (सेंट्रल इंडिया) द्वारा म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स और वित्तीय विशेषज्ञों के देश के सबसे बड़े आयोजन निवेश मंत्रणा 2024, का आयोजन किया जा रहा है। मीडिया पीआरओ अभिलाष जैन के अनुसार सीएम म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स को संबोधित करेंगे और भारत के बढ़ते वित्तीय परिदृश्य में म्यूचुअल फंड उद्योग के महत्व पर प्रकाश डालेंगे। अध्यक्ष राजेश कुलवाल के अनुसार इस सम्मेलन में पूरे देश से 700 से अधिक डिस्ट्रीब्यूटर्स और वित्तीय विशेषज्ञ शामिल होने जा रहे हैं। कुलवाल के अनुसार कार्यक्रम की प्रतिष्ठा को और बढ़ाते हुए 10 से अधिक म्यूचुअल फंड कंपनियों के सीईओ और नेशनल हेड्स भी वक्ता के रूप में शामिल होंगे।


### गोदरेज प्रोफेशनल ने शरवरी को ब्रांड एंबेसडर बनाया

**मुंबई।** गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) का प्रमुख प्रोफेशनल हेयर ब्रांड, ने बॉलीवुड की उभरती हुई अभिनेत्री शरवरी को अपना पहला ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है। शरवरी, जो मुंज्या, महाराज और वेद जैसी फिल्मों में अपनी बेहतरीन अभिनय के लिए जानी जाती हैं, अपने फैशन-फॉरवर्ड व्यक्तित्व और आत्मविश्वास के साथ ब्रांड की प्रतिबद्धता को बखूबी दिखाती हैं। इस गठजोड़ पर टिप्पणी कर गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के अधिकारी ने कहा कि शरवरी के पास लाखों लोग हैं, जो उनकी स्टाइल और ग्रेस को पसंद करते हैं, और उनका गोदरेज प्रोफेशनल के साथ जुड़ाव एक महत्वपूर्ण विकास है।

### गोल्ड लोन मे रिकॉर्ड 56 फ़ीसदी की वृद्धि

**मुंबई।** देश में सोने पर लोन लेने वालों की संख्या दिनों दिन बढ़ती चली जा रही है। पिछले 1 वर्ष में गोल्ड लोन मैं 56 फ़ीसदी की वृद्धि हुई है। होम लोन में 18 फ़ीसदी की वृद्धि हुई है ।बाकी सभी सेक्टर में लोन लेने वालों की संख्या घटी है ।केवल गोल्ड में कर्ज लेने वालों संख्या तेजी के साथ बढ़ रही है। प्रमुख 9 कैटेगरी में लोन के सबसे अधिक 56 फ़ीसदी की तेजी गोल्ड लोन में देखी गई है। इसके बाद 18 फ़ीसदी की वृद्धि हाउसिंग लोन में है ।जो दूसरे नंबर पर है। पर्सनल लोन लेने वालों की संख्या 11 फ़ीसदी बढ़ी है। पिछले वर्ष 23 फ़ीसदी थी।

# स्पाइसजेट ने जेनेसिस के साथ 1.6 करोड़ डॉलर से अधिक का विवाद सुलझाया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एयरलाइन ने कहा कि समझौते के तहत, स्पाइसजेट जेनेसिस को 60 लाख डालर का भुगतान करेगी और जेनेसिस 100 रुपये प्रति शेयर के मूल्य पर 40 लाख डॉलर के स्पाइसजेट इक्विटी का अधिग्रहण करेगी। एयरलाइन के अनुसार इस समझौते से एयरलाइन को महत्वपूर्ण बचत भी होगी, और यह दीर्घकालिक विकास की ओर बढ़ेगा। भारतीय एयरलाइन स्पाइसजेट ने वाणिज्यिक विमान पट्टे पर देने वाली कंपनी डबलिन स्थित जेनेसिस एयरक्राफ्ट सर्विसेज के साथ 1.6 करोड़ अमेरिकी डालर से अधिक के विवाद का निपटारा कर लिया है। कंपनी ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी।

एयरलाइन ने कहा कि समझौते के तहत, स्पाइसजेट जेनेसिस को 60 लाख डालर का भुगतान करेगी और जेनेसिस 100 रुपये प्रति शेयर के मूल्य पर 40 लाख डॉलर के स्पाइसजेट इक्विटी का अधिग्रहण करेगी। एयरलाइन के अनुसार इस समझौते से एयरलाइन को महत्वपूर्ण बचत भी होगी, और यह दीर्घकालिक विकास की ओर बढ़ेगा। जेनेसिस के साथ समझौता स्पाइसजेट की वित्तीय स्थिरता बहाल करने, परिचालन में लचीलापन हासिल करने और कानूनी देनदारियों को कम करने की प्रतिबद्धता के तहत उठाया गया है। समझौते के तहत, दोनों पक्ष उचित मंचों पर इस मामले से संबंधित सभी मुकदमों और विवादों को सुलझाने पर सहमत हुए हैं।

स्पाइसजेट के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने कहा, यह समझौता वित्तीय स्थिरता की दिशा में हमारी यात्रा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। हमें रचनात्मक बातचीत के माध्यम से जेनेसिस के साथ इस मामले को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने की खुशी है। यह समझौता, जिसमें जेनेसिस स्पाइसजेट में इक्विटी हिस्सेदारी हासिल करेगा।

### 62 प्रतिशत एसआईपी में करते हैं निवेश

# कोरोना काल के बाद तेजी से बढ़ी भविष्य के लिए बचत की प्रवृत्ति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बैंक बाजार की मनीमूड रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 47 फीसदी लोग मुनाफे, 44 फीसदी लाइफस्टाइल बेहतर करने, 42 फीसदी घूमने, 31 फीसदी सेवानिवृत्ति, 28 फीसदी लग्जरी उत्पादों पर खर्च करने और 27 फीसदी लोग कौशल विकास के लिए बचत कर रहे हैं।

कोरोना महामारी के दौर में लगे झटकों के बाद लोगों में बचत करने की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है और खासकर आपातकालीन खर्चों के लिए। अब आलम यह है कि सबसे ज्यादा 61 फीसदी लोग संकट के समय में घर के जरूरी खर्चे चलाने के लिए बचत कर रहे हैं। इसके बाद 48 फीसदी लोग बच्चों की बेहतर परवरिश के लिए पैसा बचा रहे हैं।

बैंक बाजार की मनीमूड रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 47 फीसदी लोग मुनाफे, 44 फीसदी लाइफस्टाइल बेहतर करने, 42 फीसदी घूमने, 31 फीसदी सेवानिवृत्ति, 28 फीसदी लग्जरी उत्पादों पर खर्च करने और 27 फीसदी लोग कौशल विकास के



लिए बचत कर रहे हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि लंबी अवधि में बचत करने के लिए लोग फिक्स्ड एवं रिकरिंग डिपॉजिट की जगह अब म्यूचुअल फंड एसआईपी में अधिक निवेश कर रहे हैं। इस साल 62 फीसदी लोगों ने एसआईपी में पैसा लगाया है, जो 2022 के 57 फीसदी की तुलना में पांच फीसदी अधिक है। फिक्स्ड एवं रिकरिंग डिपॉजिट में अपनी गाढ़ी कमाई?लगाने वालों की संख्या 54 फीसदी की तुलना में बढ़कर 57 फीसदी पहुंच गई?है।?

दिवाली पर रिकॉर्ड दो लाख करोड़ खर्च: इस साल दिवाली वाले महीने में लोगों ने दो लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च कर दिए। 2023 में यह 1.6 लाख करोड़ रुपये था।

इस दौरान कुल 43.3 करोड़ लेनदेन हुए। 2023 में यह 29.7 करोड़ था। दिवाली वाले महीने में लोगों ने औसतन 4,659 रुपये खर्च किए। यह 2023 के 5,577 रुपये से कम है। प्रति क्रेडिट कार्ड औसतन खर्च 2023 के 16,734 रुपये से बढ़कर 18,878 रुपये पहुंच गया।

सेवानिवृत्ति: 58 फीसदी लोगों के पास पर्याप्त फंड: मनीमूड रिपोर्ट के मुताबिक, सेवानिवृत्ति के बाद बेहतर जीवन जीने के लिए 58 फीसदी लोगों ने पर्याप्त फंड जमा कर रखा है। 42 फीसदी लोगों के पास कोई सेवानिवृत्ति फंड नहीं है।

रिटायरमेंट के लिए बचत लक्ष्य = छह फीसदी लोगों ने सेवानिवृत्ति के लिए 25 लाख रुपये से अधिक बचत का लक्ष्य रखा है। 19 फीसदी लोग 25-50 लाख और 17 फीसदी लोग 50-75 लाख रुपये की बचत को पर्याप्त मानते हैं।

11 दिसम्बर - 26 दिसम्बर 2024

# जनकल्याण पर्व




डॉ. बी.आर. अंबेडकर विश्वविद्यालय का

## दीक्षांत समारोह

| मुख्य अतिथि | गरिमामयी उपस्थिति |
|---|---|
| **मंगुभाई पटेल** | **डॉ. मोहन यादव** |
| राज्यपाल | मुख्यमंत्री |

दोपहर 12:00 बजे | डॉ. अंबेडकर नगर (महू), जिला इंदौर

एवं

## 880 मेगावॉट आगर एवं नीमच सौर परियोजनाओं का लोकार्पण एवं विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

अपराह्न 2.00 बजे | सुसनेर, आगर-मालवा

## विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

(₹1000 करोड़)

अपराह्न 4.00 बजे
अटल बिहारी वाजपेयी कॉलेज, इंदौर

मुख्यमंत्री
**डॉ. मोहन यादव**
द्वारा

20 दिसम्बर, 2024

D11129/24

- 12 वर्षों में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से बिजली उत्पादन 14 गुना बढ़कर 7,000 मेगावॉट हुआ
- 750 मेगावॉट रीवा परियोजना कोयले से कम दरों पर बिजली देने वाली देश में पहली सौर परियोजना
- शाजापुर में 450 मेगावॉट सोलर पार्क निर्माणाधीन
- ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर पावर प्रोजेक्ट से 278 मेगावॉट विद्युत उत्पादन प्रारंभ
- 2000 मेगावॉट क्षमता का सौर पार्क मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के मध्य विकसित किया जाएगा
- सांची बना प्रथम सोलर सिटी, इंदौर को सोलर सिटी बनाने के लिए हर घर सोलर अभियान संचालित
- मुरैना में लगेगा प्रदेश का पहला सोलर पावर स्टोरेज प्लांट
- प्रधानमंत्री जन-मन योजनांतर्गत 2060 घरों को सौर ऊर्जीकृत करने का लक्ष्य

**हरित और सुरक्षित भविष्य के लिए अहम योगदान करता मध्यप्रदेश**

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024


प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी डी.पी.गोयल द्वारा आर.टी.ओ. ऑफिस के पास, सागर रोड, रायसेन से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच, इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा भोपाल- 462023 ( म.प्र. ) भोपाल से मुद्रित। संपादक- डी.पी.गोयल । मो.9981502276, 9826735596.भोपाल कार्यालय : 4240007. स्थानीय व्यवस्थापक श्याम अग्रवाल मो. नं. 9826735596 ( सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा । ) ।